हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 11 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 302 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

S. K. MANDAL GROUP OF INSTITUTIONS, PATNA
*Present*

## दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

बिहार के श्रेष्ठ नर्सिंग, पारामेडिकल, फार्मेसी, आईटी एवं मैनेजमेंट प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन कराएं

## KRISHNA INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION

Recognized by Health Department Govt. of Bihar, Patna, Affiliated by Aryabhatta Knowledge University, Patna & Bihar University of Health Sciences, Patna



पटना में पूरी पढ़ाई के साथ- साथ रहने एवं खाने की सुविधा स्टूडेंट क्रेडिट के माध्यम से उपलब्ध

90% क्लास करने वाले छात्र-छात्राओं को 100% कैम्पस प्लेसमेंट की गारंटी

### COURSES OFFERED

1. Bachelor of Physiotherapy
2. Bachelor of Hospital Management
3. Bachelor of Occupational Therapy
4. Bachelor in Medical Laboratory Technology
5. Diploma in Operation Theatre Assistant
6. Diploma in Medical Laboratory Technology
7. Certificate in Medical Dresser

### उपलब्ध सुविधाएँ:

- छात्रावास की सुविधा
- परिवहन की व्यवस्था
- फ्री इन्टरनेट
- अत्याधुनिक लैब
- पुस्तकालय

**SOUMYA KRISHNA ANM TRAINING SCHOOL**
Recognised By: Health Department Govt. of Bihar, Patna & Affiliated by Bihar Nurses Registration Council, Patna & Bihar University of Health Sciences, Patna
For **ANM (Nursing)**



S.K. Mandal
Chairman

## नामांकन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें

At- Adarsh Colony, West Patel Nagar, P.O- Keshrinagar, P.S- Shastrinagar, Dist.- Patna-800024

**Mobile No.: 6299848344, 8709323736, 9931223196**

**Email:** krishna54002@gmail.com | **Website:** www.kihepatna.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### टिकारी में सबसे अधिक पैक्स और मतदाता वजीरगंज में

**गया**|पैक्स निर्वाचन 2024 के लिए गुरुवार को जिले के 24 प्रखडों में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। गया जिले में 300 पैक्स अंतर्गत 465216 मतदाता हैं। 22 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति किया जा सकेगा। 25 अक्टूबर को प्राप्त दावों व आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची से नाम हटाने के संबंध में आपत्ति उन्हीं व्यक्तियों द्वारा दी जाएगी, जो संबंधित प्राथमिक कृषि साख समिति के सदस्य हैं। गया जिले में सबसे अधिक 23 पैक्स टिकारी प्रखंड में हैं और अधिक मतदाताओं की संख्या वजीरगंज प्रखंड में है।

### खिलाड़ियों के ठहरने की जगह का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बोधगया**। 11 नवंबर से बिहार के राजगीर में आयोजित होने वाले महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों के दल को आना है। विभिन्न देशों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए निर्धारित ठहराव स्थलों का चयन बोधगया के विभिन्न होटलों में किया गया है। बुधवार को ठहराव स्थल का बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ 11 नवंबर को विभिन्न देशों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए निर्धारित ठहराव स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए होटल और रिसॉर्ट्स में सुरक्षा उपायों, जैसे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रवेश और निकास बिंदुओं की सुरक्षा एवं अन्य सभी आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### गड्ढे में भरे पानी में डूबने से युवक की मौत

**वजीरगंज**|करजरा पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर निवासी 30 वर्षीय पच्चन कुमार की मौत बुधवार को पहाड़ी के गड्ढे में भरे पानी में डूबकर हो गई। मुखिया राजकुमार शर्मा ने बताया कि वह सुबह मवेशी चराने के लिये पहाड़ी के तरफ गया था और संभवतः शौच के बाद वह पहाड़ी से पूर्व में निकाले गए। पत्थर वाले गड्ढे के किनारे गया होगा और पैर फिसलकर गहरे गड्ढे में चला गया। इससे वह डूबने लगा, स्थानीय लोगों ने इसे निकालने के लिये पानी में छलांग भी लगाई। काफी खोजबीन के बाद उसे निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### राइफल व कारतूस संग बदमाश गिरफ्तार

**परवलपुर**| थाना पुलिस ने मंगलवार की शाम करण बिगहा गांव में कार्रवाई कर हथियार लहराते बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश 56 वर्षीय कैलाश बिंद है। डीएसपी गोपाल कृष्ण ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि नशे में धुत बदमाश हथियार लहराकर हंगामा कर रहा है। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पास से एक देसी राइफल व एक कारतूस बरामद हुआ। कार्रवाई थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।

### नाविक के बेटे की हत्या मामले में आरोपी अरेस्ट

**हाजीपुर** ।वैशाली के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के रुस्तमपुर थाना की पुलिस ने 8 सालों से फरार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अपहरणकर्ता को अरेस्ट किया है। ये हत्या,लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट समेत कई कांडों में फरार था। इसे नालंदा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार बदमाश राघोपुर थाना क्षेत्र के सैदाबाद निवासी रामचंद्र राय का बेटा बिंदा राय उर्फ गोप है। सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने इस मामले में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि राघोपुर थानातर्गत सैदाबाद निवासी परमानन्द राय, जो जेठुली घाट, राघोपुर में नाव चलाया करते थे। 11 नवंबर 2016 को पहले के आपसी विवाद में इनके बेटे की चार लोग विंदा राय उर्फ विंदा गोप,सुनील राय,वीर बहादुर राय और वकील महतो ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**3 बदमाश की पहले हुई थी गिरफ्तारी**: घटना में शामिल तीन बदमाश को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। घटना के मुख्य बदमाश विंदा राय उर्फ विंदा गोप फरार चल रहा था। इनके खिलाफ पहले कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा चुकी है। साल 2005 में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपहरण कांड में विंदा राय उर्फ विंदा गोप मुख्य अभियुक्त है। इनके खिलाफ लूट, डकैती वआर्म्स एक्ट के कई कांड दर्ज है। रूस्तमपुर थाना पुलिस विंदा राय उर्फ विंदा गोप की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में घटना में फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त विंदा राय उर्फ विंदा गोप को नालंदा से गिरफ्तार किया गया है।

### गांव से शहर 21 स्थान पर पुलिस की पैनी नजर

**गया**। गया में पुलिस लाइन में डीएम, एसएसपी ने दुर्गा पूजा को देखते हुए अफसरों और कर्मचारियों को ब्रीफ किया। डीएम डॉक्टर त्याग राजन व एसएसपी आशीष भारती ने सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अफसर और कर्मचारियों को विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सजग रहने व बारीकियों के बारे बताया। कहा कि जिले में धूमधाम से दशहरा मनाया जा रहा है। सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर प्रशासन ने हर स्तर पर पुख्ता व्यवस्था की गई है। गांव से लेकर शहर तक नियुक्त मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को हर



पल अलर्ट मोड में काम करने कहा गया है। उन्होंने बताया कि सभी मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसर को पूजा समारोह ओर प्रतिमा विसर्जन से जुड़ी गाइडलाइंस की बुकलेट दिए गए है। पूजा में व्यवधान करने वाले, सामाजिक माहौल बिगाड़ने वाले और अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिह्नित करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूरे जिले में 21 ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं जहां दुर्गा पूजा और विसर्जन को लेकर विवाद उत्पन्न होने की आशंका है। डीएम और एसएसपी ने अपील की है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की हर संभव मदद करें। यह शहर गया के लोगों का है। वे ही भाईचारे और सौहार्द का आदर्श खड़ा कर सकते है। पुलिस-प्रशासन गया के हर एक निवासी के साथ खड़ा है।

**25 स्थानों पर हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीव लगाए गए**: शहरी क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में 24 स्थानों पर वीडियोग्राफर रखे गए हैं। 27 स्थानों पर वॉच-टावर, बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट लगाए गए हैं। 25 स्थानों पर हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीव लगाए गए हैं। डीएम ने कहा कि नियंत्रण कच्छ से हर 02-02 घंटे पर उपस्थिति की जानकारी ली जाएगी। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि शहर के केदारनाथ मार्केट में विशाल पंडाल और प्रतिमा स्थापित की गई है। मार्केट परिसर के अंदर उमड़ने वाली बड़ी भीड़ की निकासी के लिए 4 निकास द्वारा बनाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन व पुलिस ने जब मौके का जायजा लिया था तो प्रवेश व निकास द्वार महज एक ही थे जो उचित नहीं था। इसके अलावा आयोजकों को कहा कि वे अपने सेवादारों की संख्या बढ़ाएं। मुख्य द्वार से लेकर प्रतिमा और फिर निकास द्वार तक निश्चित दूरी पर सेवादार भीड़ को गतिशील बनाए रखेंगे। सभी आयोजकों को कहा गया कि अपने सेवादारों का आईकार्ड मुहैया कराएंगे। यही नहीं उन्हें यह कहा कि सभी सेवादारों का आधार कार्ड, फोटो अपने थाना को उपलब्ध करा दें।

### दो दिवसीय कोटेश्वर महादेव दशहरा महोत्सव का आगाज

**गया**। गया जिले के मेन थाना क्षेत्र के कोटेश्वर नाथ धाम में आयोजित दो दिवसीय कोटेश्वर महादेव दशहरा महोत्सव का आगाज सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया। कस्तूरबा विद्यालय रहीम बिगहा के स्टूडेंट्स ने मां दुर्गा के भजन की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति ने महोत्सव में समा बांध दिया। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने जमकर सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति संदीप कुमार, न्यायमूर्ति शशिभूषण प्रसाद सिंह और पूर्व लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्याम किशोर शर्मा ने कस्तूरबा विद्यालय रहीम बिगहा के कलाकारों को संयुक्त रूप से कोटेश्वर नाथ धाम का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके बाद युवा लोक गायिका ईशिका विश्वकर्मा ने मंच संभाला। उन्होंने सत्यम शिवम सुंदरम से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। उसके बाद देवी भक्ति गीत और शिव भक्ति गीत की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, हत्याकांड का था आरोपी

निज संवाददाता। नालंदा



♦ नालंदा में आपसी रंजिश में किया था मर्डर; बदमाश के खिलाफ 10 मामले दर्ज

नालंदा के गिरियक थाना क्षेत्र के सतौआ निवासी बालवीर यादव उर्फ बालो यादव के अपहरण और हत्याकांड का मुख्य आरोपी अरेस्ट हुआ है। वेद प्रकाश उर्फ वेदू यादव को पुलिस ने जिला व्यवहार न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ दीपनगर, सिलाव और नालंदा थाना में 10 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह 2022 में 25 हजार का इनामी अपराधी भी रहा है। बता दें कि 25 जुलाई को बालवीर यादव का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 12 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें से आठ को पहले ही जेल भेजा जा चुका था। पुलिस ने लगातार छापेमारी कर शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया था।

**पुरानी रंजिश के कारण की थी हत्या**: डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यह हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। मृतक और मुख्य आरोपी नीतीश कुमार दोनों बालू कारोबारी थे और उनके बीच व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता थी। आरोप है कि मृतक की वजह से नीतीश कुमार को करोड़ों का नुकसान हुआ था और उसका ईंट भट्ठा भी सील हो गया था। इसी रंजिश के चलते नीतीश कुमार ने पांच लाख रुपए की सुपारी देकर बालवीर यादव की हत्या करवाई थी।

**तीन फरार आरोपी की तलाश जारी**: पुलिस ने इस मामले में अब तक नीतीश कुमार, सुधीर कुमार, रौशन कुमार उर्फ कस्तूरी, सुनील कुमार उर्फ अनिकेत, रोहित कुमार, साजन कुमार, गोरेलाल यादव, मधु यादव, कमलेश यादव, रितेश यादव और पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। इनमें से कुछ ने आत्मसमर्पण किया था। इस मामले में तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस उनको गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में लगातार सक्रिय है और जल्द ही सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी भी आरोपी के बारे में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस को सूचित करें।

# बाढ़ राहत की मांग को ले किया धरना-प्रदर्शन



निज संवाददाता।करायपरसुराय

प्रखंड के पश्चिमी इलाके में बाढ़ पीड़ितों ने बुधवार को अंचल कार्यालय के समक्ष धरना- प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की। पीड़ितों ने कहा कि पिछले महीने लोकाइन नदी का तटबंध टूटने से दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी घुस गया था, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ था। बिहार सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को सात-सात हजार रुपये देने की घोषणा की थी, पीड़ित लोगों का कहना है कि उन्हें यह लाभ नहीं मिला है।मकरौता पंचायत के वार्ड संख्या 5 की उषा देवी ने आरोप लगाया कि पदाधिकारियों ने अपने खास लोगों के खाते में राशि भेजी है। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 5 में 268 बाढ़ पीड़ितों को चिन्हित किया गया था, लेकिन केवल 10 लोगों को लाभ मिला। इसी तरह वार्ड संख्या 1 में 148 लोगों को चिन्हित किया गया था, लेकिन केवल 19 लोगों को बाढ़ का लाभ मिला।इस दौरान सरकार और अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुआवजे की मांग की और अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की।

# दिल्ली के लिए साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता। गया



गया, शाहाबाद, मगध कमिश्नरी और झारखंड के लोगों के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन का तोहफा दिया है। विशेष ट्रेन साप्ताहिक होगी। ये पुरानी दिल्ली से खुल कर गया होते हुए झारखंड के गोड्डा तक जाएगी। ट्रेन का शुभारंभ गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे व दिल्ली सांसद मनोज तिवारी ने किया है। इसका खास फायदा शाहाबाद, मगध और झारखंड के रेल यात्रियों को मिलेगा। ट्रेन संख्या 14049/4050 पुरानी दिल्ली-गोड्डा नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इस बात की पुष्टि मुख्य जन संपर्क अधिकारी उत्तर रेलवे हिमांशु उपाध्याय ने की है। इस अवसर पर सुखविंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली, कर्नल विक्रम सिंह राणा, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली व दिल्ली मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**प्रत्येक सोमवार को रवाना होगी ट्रेन**: साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक सोमवार को दोपहर 3 बजे दिल्ली से रवाना होगी। मंगलवार को दोपहर 3:45 बजे गोड्डा पहुंचेगी और वापसी में ट्रेन बुधवार को सुबह 10 बजे गोड्डा से रवाना होगी। गुरुवार को सुबह 9:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

# इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस को डिरेल करने की कोशिश

निज संवाददाता। गया



♦ गया-पटना रेल लाइन पर रखा था कंक्रीट का स्लीपर, स्लीपर क्षतिग्रस्त


गया- पटना रेल लाइन पर मंगलवार की देर रात जहानाबाद रेल क्षेत्र के नेयामतपुर रेल हॉल्ट के पास लोको पायलट की सूझबूझ की वजह से बड़ी अनहोनी टल गई। यहां शरारती तत्व ने नेयामतपुर हॉल्ट के निकट कंक्रीट का स्लीपर रख दिया था। घटना देर रात 12 बजे के बाद की बताई जा रही है। इस्लामपुर हटिया एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट की नजर कंक्रीट के स्लीपर पर पड़ी, तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाया। लेकिन, तब-तक रेल इंजन, स्लीपर को घसीटते हुए क्रॉस कर चुकी थी। स्लीपर क्षतिग्रस्त हो गया। स्लीपर टूट कर पास के झाड़ियों में चला गया। इसके बाद ही ट्रेन रुकी। स्लीपर को हटाया गया और ट्रेन गया के लिए रवाना हुई। इस मामले में रेलवे के पाथ वे इंजीनियर विनय कुमार ने बेलागंज थाने में केस दर्ज कराया है।

**नेयामतपुर हॉल्ट के निकट स्लीपर क्षतिग्रस्त**: बेलागंज थाना के प्रभारी अरविंद कुमार व जहानाबाद जीआरपी इंचार्ज दीप नारायण यादव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात पटना से गया के लिए हटिया-इस्लामपुर ट्रेन 12 बजे रात को क्रॉस कर रही थी। नेयामतपुर हॉल्ट के निकट ट्रेन के लोको पायलेट को पटरी के बीच एक स्लीपर रखा हुआ नजर आया। इस पर उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाया पर तब-तक इंजन स्लीपर को क्षतिग्रस्त कर चुकी थी।

**मामले की जांच में जुटी जीआरपी**: स्लीपर के टूट कर झाड़ियों में चले जाने के बाद ट्रेन रुक सकी। इसकी सूचना लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को दी। मौके पर जहानाबाद के जीआरपी और बेलागंज थाने की गश्ती टीम पहुंची। मौके की गहन पड़ताल के बाद ट्रेन का परिचालन कराया गया। बेलागंज थाना प्रभारी अरविंद कुमार और जहानाबाद जीआरपी प्रभारी दीपनारायण यादव ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। इस मामले में अब-तक कोई सुराग नहीं मिला है कि ये काम किस शरारती तत्व का है।

# नालंदा के वीर प्रताप सिंह बिहार रणजी टीम के कप्तान

निज संवाददाता। नालंदा



♦ IPL में सचिन तेंदुलकर का लिया था विकेट, खेल प्रेमियों ने दी बधाई

नालंदा के चंडी थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी वीर प्रताप सिंह को बिहार रणजी टीम का कप्तान बनाया गया है। इस खबर से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्रिकेट प्रेमियों ने वीर प्रताप सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बता दें कि वीर प्रताप सिंह एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। साल 2012 में जब बिहार को रणजी टीम में मान्यता नहीं मिली थी, तब उन्होंने बंगाल से रणजी खेला था। इसके अलावा, वह आईपीएल में भी कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और डेक्कन चार्जर्स जैसी टीमों के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने आईपीएल में सचिन तेंदुलकर का विकेट भी लिया है। जिले के क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि वीर प्रताप सिंह को बिहार रणजी टीम का कप्तान बनाए जाने से जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह नालंदा के लिए गौरव का क्षण है।

**खिलाड़ियों ने दी बधाई**: जिले के पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी, कोच और अंपायरों ने वीर प्रताप सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव गोपाल कुमार सिंह और पूर्व सचिव सय्यद मोहम्मद जावेद इकबाल ने वीर प्रताप सिंह को बधाई देते हुए बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी और सचिव जिआउल आर्फीन का धन्यवाद किया।

**उज्जवल भविष्य की कामना**: जिले के क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय कुमार, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार और संयुक्त सचिव संजीव कुमार ने भी वीर प्रताप सिंह को बिहार टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# रत्नागिरी पहाड़ से हटाया गया अवैध दुकान



♦ नालंदा में 25 अक्टूबर को विश्व शांति स्तूप की 55वीं वर्षगांठ, सीएम के आने की संभावना

♦ कई सालों से अवैध रूप से स्थानीय लोगों ने दुकान रत्नागिरी पहाड़ पर लगाई थी।

♦ 25 अक्टूबर को वासु शांति स्तूप स्थापना की 55वीं वर्षगांठ का आयोजन होने वाला है

निज संवाददाता। नालंदा

राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ पर विश्व शांति स्तूप जाने वाले पैदल मार्ग पर दोनों किनारों पर बनी अवैध रूप से दुकानों को स्थानीय प्रशासन ने हटाया है।

कई सालों से अवैध रूप से स्थानीय लोगों ने दुकान रत्नागिरी पहाड़ पर लगाई थी। इसके कारण वन्य क्षेत्र में प्लास्टिक के कचरे समेत अन्य वस्तुओं का अंबार लग रहा था, जिसके कारण वन्य प्राणी सैलानियों की मार्ग में आ रहे थे। करीब 55 अवैध दुकानों को स्थानीय प्रशासन और वन विभाग ने हटाया है। दुकानदारों ने दुकान हटाए जाने के बाद कहा कि अचानक वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने दुकानों को हटा दिया गया है। वे लोग कई सालों से यहां अपनी दुकान लगा रहे थे। बिना कोई नोटिस और बिना कोई जानकारी के ही दुकानों में जबरन तोड़फोड़ कर दी।

इससे दुकान में रखें लाखों रुपए की सामान की क्षति हुई, तो वहीं अब जीकोपार्जन के लिए आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। 25 अक्टूबर को वासु शांति स्तूप स्थापना की 55वीं वर्षगांठ का आयोजन होने वाला है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आने की प्रबल संभावना हैं। बौद्ध श्रद्धालु शांति की खोज को लेकर विश्व शांति स्तूप में जाकर पूजा अर्चना करते हैं।

**टेंडर से दुकान होगी अलॉट**: डीएफओ राजकुमार एम ने बताया कि विश्व शांति स्तूप के पास सरकारी स्तर से 20 से 30 दुकानें बनाई जाएगी। टेंडर से दुकान अलॉट की जाएगी।

लेकिन, पहले से दुकान स्थापित किए हुए युवाओं को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी। जापानी बौद्ध भिक्षु फुजाई गुरु ने राजगीर के रत्नागिरी पहाड़ पर पर 25 अक्टूबर 1978 ई. को विश्व शांति स्तूप मंदिर का निर्माण रत्नागिरी पहाड़ पर कराया था। तभी से प्रत्येक साल 25 अक्टूबर को विश्व शांति स्तूप वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इसी पर्वत से ही भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शांति का उपदेश दिया था। मनोरम दृश्य के नाम से अपनी पहचान स्थापित करने वाली पंच पहाड़ियों पर विश्व भर के बौद्ध भिक्षु आकर पूजा अर्चना करते हैं और शांति का संदेश देते हैं।

# हथियार लहराते बदमाश अरेस्ट, राइफल-कारतूस जब्त



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस ने दुर्गा पूजा समारोह के दौरान एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के करणबिगहा निवासी कैलाश बिंद (56) के रूप में हुई है। घटना के बारे में हिलसा डीएसपी-2 गोपाल कृष्ण ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परवलपुर थाना अध्यक्ष को दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में गश्ती के दौरान सूचना मिली कि ग्राम करणबिगहा में एक व्यक्ति शराब पीकर हथियार लहरा रहा है।

वो हो-हल्ला कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची।

**सड़क के किनारे पुल पर से आरोपी अरेस्ट**: परवलपुर पुलिस ने श्रीनगर जाने वाली सड़क के किनारे पुल पर से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक राइफल और एक 8 एमएम का जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

इस संबंध में परवलपुर थाना कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह के नेतृत्व में रिजर्व दल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की कार्रवाई से त्योहार के दौरान किसी अप्रिय घटना को टाला जा सका।

आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसके पास अवैध हथियार कहां से आया।

# मधुमक्खी पालन में किसानों को 75 प्रतिशत तक अनुदान



निज संवाददाता। नालंदा

राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि शहद उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। नालंदा उद्योग विभाग के सहायक निदेशक राशेक कुमार ने बताया कि "मधुमक्खी पालन बेहद ही फायदे वाला रोजगार है। प्रशिक्षण ले चुके किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।" इस योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के किसानों को 75 प्रतिशत और अनुसूचित वर्ग के किसानों को 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

**योजना की मुख्य विशेषताएं**: प्रति यूनिट (बक्सा व छत्ता) लागत 4,000 रुपए निर्धारित, जिले में 1500 मधुमक्खी पालन इकाइयों का लक्ष्य, प्रत्येक लाभार्थी को 20 से 50 मधुमक्खी बॉक्स और छत्ते दिए जाएंगे।

**योजना का लाभ प्रशिक्षित किसानों को ही मिलेगा**: यह योजना किसानों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगी। क्षेत्र में आम के बगीचों की अधिकता के कारण मधुमक्खी पालन के लिए अनुकूल वातावरण मौजूद है। साथ ही, यह परागण में सहायक होने के कारण फसल उत्पादन में भी वृद्धि करेगा। आवेदन प्रक्रिया पहले से ही शुरू हो चुकी है। इच्छुक किसान उद्योग विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**ऐसी स्थिति में खेलना मैंने माही भाई से सीखा है : रिंकू सिंह**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त...**

देश



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 11 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 302 • पृष्ठ 12

## नौवमी मां सिद्धिदात्री



मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्याअर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

## अवकाश

दुर्गा पूजा के अवसर पर सोन वर्षा वाणी प्रेस एवं कार्यालय 11 एवं 12 अक्टूबर 2024 को बंद रहेगा। अतएव अगला अंक 14 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित होगा।

* प्रबंधक

# अनंतकाल की यात्रा पर निकले भारत के 'रतन'

**● श्रद्धांजलि देने वालों का लगा रहा तांता, शाह, अंबानी, बिड़ला सभी पहुंचे ● बुधवार रात 86 साल की उम्र में हुआ निधन, राजकीय सम्मान से विदाई**





मुंबई (एजेंसी)। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बुधवार देर रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे।

टाटा का पार्थिव शरीर नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। यहां से उनकी अंतिम यात्रा वर्ली श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला समेत राजनीति, खेल और बिजनेस से जुड़ी कई हस्तियों ने टाटा को श्रद्धांजलि दी। अमिताभ बच्चन ने लिखा कि एक युग का अंत हो गया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा को 7 अक्टूबर को भी आईसीयू में भर्ती किए जाने की खबर थी।

## बचपन में माता-पिता अलग हुए, दादी ने की परवरिश

पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा की अगुआई में ही टाटा ग्रुप ने देश की सबसे सस्ती कार लॉन्च की, तो हाल ही में कर्ज में फंसी एयर इंडिया को 18 हजार करोड़ की कैश डील में खरीदा था। बिजनेस में बेहद कामयाब रतन टाटा निजी जिंदगी में बेहद सादगी पसंद थे और मुंबई में अपने छोटे से फ्लैट में रहते थे। 28 दिसंबर 1937 को नवल और सूनू टाटा के घर जन्मे रतन टाटा ग्रुप के फाउंडर जमशेदजी टाटा के परपोते थे। उनका परिवार पारसी धर्म से है। उनके माता पिता बचपन में ही अलग हो गए थे और दादी ने उनकी परवरिश की थी। 1991 में उन्हें टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाया गया था। रतन टाटा की चार बार शादी होते-होते रह गई।

## 21 साल चेयरमैन रहे, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ा

1962 में फैमिली बिजनेस जॉइन किया था। शुरुआत में उन्होंने टाटा स्टील के शॉप फ्लोर पर काम किया। इसके बाद वे मैनेजमेंट पोजीशन्स पर लगातार आगे बढ़े। 1991 में, जेआरडी टाटा ने पद छोड़ दिया और ग्रुप की कमान रतन टाटा को मिली। 2012 में 75 वर्ष के होने पर, टाटा ने एग्जीक्यूटिव फंक्शन छोड़ दिए। उनके 21 वर्षों के दौरान, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ गया। इसमें अधिकांश रेवेन्यू जगुआर-लैंडरोवर व्हीकल्स और टेटली जैसे पॉपुलर टाटा उत्पादों की विदेशों में बिक्री से आया। चेयरमैन का पद छोड़ने के बाद उन्होंने 44 साल के साइरस मिस्त्री को उत्तराधिकारी नियुक्त किया। उनका परिवार ग्रुप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल शेयरहोल्डर था।

## ● मोदी-राहुल और सुंदर पिचाई समेत बिजनेस घरानों ने शोक जताया

- **टाटा चेयरमैन एन चंद्रशेखरन :** हम अत्यंत दुख के साथ रतन टाटा को विदाई दे रहे हैं। समूह के लिए टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं ज्यादा थे। मेरे लिए वे एक गुरु, मार्गदर्शक और मित्र थे।
- **राष्ट्रपति मुर्मू :** भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है।
- **पीएम नरेंद्र मोदी :** टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया।
- **राहुल गांधी :** रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने बिजनेस और परोपकार दोनों पर कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा कम्युनिटी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।
- **मुकेश अंबानी :** ये भारत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का जाना ना सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है।
- **गौतम अडाणी :** भारत ने एक महान और दूरदर्शी व्यक्ति खो दिया है। टाटा ने मॉडर्न इंडिया के पाथ को रीडिफाइन किया। टाटा सिर्फ एक बिजनेस लीडर नहीं थे, उन्होंने करुणा के साथ भारत की भावना को मूर्त रूप दिया।
- **आनंद महिंद्रा :** मैं रतन टाटा की अनुपस्थिति को स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं। रतन टाटा को भुलाया नहीं जा सकेगा, क्योंकि महापुरुष कभी नहीं मरते।






# संक्षिप्त समाचार

## 22.3 किलो गांजा बरामद, आरोपी फरार

**आरा।** गजराजगंज ओपी कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर मसाढ़ गांव से 22.3 किलो गांजा बरामद कर लिया। आरोपी पुलिस को देखकर खिड़की से कूद कर फरार हो गया। पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए मसाढ़ स्थित पंकज कुमार सिंह के दलान में प्रवेश किया तो पुलिस को देखकर पंकज कुमार सिंह खिड़की से कूद कर भाग गया।

## देवी ज्वालामालिनी मां का हुआ श्रृंगार

**आरा।** श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में नवरात्रि में बुधवार को श्रृंगारकर्ता परिवार द्वारा जिनेंद्र प्रभु की श्रद्धापूर्वक पंचामृत अभिषेक, पूजन किया गया। देवी ज्वालामालिनी मां का दिव्य आराधना, पूजन, श्रृंगार, गोद भराई किया गया। महाआरती, भजन, पालना, रत्न वृष्टि, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। अध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष रीना जैन, सचिव डॉ आदित्य बिजय जैन, बिभु जैन, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र चंद्र जैन, निलेश जैन आदि थे।

## रामलीलाः निषाद राज से राम की भेंट और केवट संवाद का मंचन

**आरा।** रामलीला मैदान में चल रहे 18 दिवसीय रामलीला के मंचन में बुधवार को प्रभु श्री राम का निषाद राज से मिलाप व केवट संवाद का मंचन हुआ। वृंदावन की मंडली द्वारा सातवें दिन के मंचन को देख दर्शक भाव विभोर हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मंचन में प्रभु श्रीराम का निषाद राज से भेंट और गंगा घाट पर केवट से प्रभु श्रीराम ने गंगा पार करने के लिए निवेदन किया। केवट ने प्रभु श्री राम के पांव धोने के पश्चात उन्हें गंगा पार कराया। इस खबर को सुमंत जी ने राजा दशरथ से बताया कि मेरे बार-बार अनुरोध करने पर भी प्रभु श्री राम अयोध्या वापस नहीं आए यह सुनकर दशरथ जी राम-राम का रट लगाते हुए अपने प्राण त्याग दिए यह दृश्य बहुत ही मार्मिक था।

## नल जल योजना के भवन में चल रहा था मेडिकल हॉल

**केसठ।** बुधवार को प्रखंड के खरवनिया, महादेवगंज में संचालित सात निश्चय योजना के तहत नल जल योजना का बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान खरवनिया वार्ड 1 और महादेवगंज वार्ड 3 में संचालित नल जल भवन में आईओटी नहीं पाया गया। वहीं वार्ड 2 में स्थित सामान्य पाया गया। महादेवगंज वार्ड 3 में नल जल भवन में एक ग्रामीण द्वारा निजी मेडिकल हॉल चलाई जा रही है। जब बीडीओ ने उक्त वार्ड के वार्ड प्रतिनिधि पप्पू से दूरभाष से बात की तो उन्होंने बताया कि प्रारंभ से ही उस भवन में मेडिकल हॉल चलाया जा रहा है। वहीं अभी पूर्ण रूप से नल जल का प्रभार भी नहीं मिला है।

## मल्लाहटोली से पुलिस ने जब्त किया डीजे

**बक्सर।** नगर के विभिन्न पूजा पंडालों में डीजे बजाए जाने की सूचना पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। प्रशासनिक टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नगर के प्रमुख स्थानों से डीजे जब्त किए। ज्योति प्रकाश चौक और मल्लाह टोली में डीजे जब्त किया गया। एसडीपीओ धीरज कुमार ने जानकारी दी कि पहले से ही पूजा समितियों को डीजे बजाने पर रोक की सूचना दी जा चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन किया गया। भाजपा नेता अमित पांडेय ने पूजा समिति के युवकों का समर्थन करते हुए डीजे वापस दिलाने में मदद की।


## चोरी के मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** आरपीएफ ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत मंगलवार की रात्रि चोरी के मोबाइल के साथ दो लोगों को पकड़ा। जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म पर गश्त के दौरान युवक को संदिग्ध अवस्था में प्लेटफार्म संख्या दो-तीन के एस्केलेटर के नीचे देखा। गश्ती टीम ने संदेह के आधार पर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक मोबाइल मिला। इसका लॉक वह नहीं खोल पाये। पकड़े गए युवक ने स्वीकार किया कि उसने यह मोबाइल किसी गाड़ी से चोरी की है। पकड़ा गया युवक भोजपुर जिले के धनगाई का रहने वाला कैश खान है। वहीं गश्त के दौरान प्लेटफार्म दो-तीन के पूर्वी छोर पर एक और युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से भी एक मोबाइल मिला। युवक मोबाइल का लॉक नहीं खोल पा रहा था।

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था शराबी

**डुमरांव।** डुमरांव में पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी कार जब्त की है। कार का मालिक पिछले दिनों कार के साथ शराब पीने के जुर्म में जेल गया गया था। पुलिस ने शराबी को जेल भेज उसके वाहन का चालान काट शमन के लिए उसका नंबर डीटीओ को भेजा। यहां, भी उसने चालाकी की और पेंडिंग चालान कटवा लिया। लेकिन उसकी यही चालाकी उसे भारी पड़ी तथा असली मालिक के पास शमन का मैसेज जाते ही सारा भेद खुल गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने छह अक्टूबर को बक्सर के धोबीघाट मोहल्ला निवासी मनीष कुमार डुमरांव टेढ़की पुल के करीब शराब के नशे में पकड़ा गया था। कार भी जब्त की गयी थी। उसपर रजिस्टेशन नंबर बीआर 44 पी 5082 अंकित था। यह नंबर इटाढ़ी थाना क्षेत्र के महिला गांव निवासी उदय कुमार ओझा के नाम पर रजिस्टर्ड थी। कार छुड़ाने के लिए पेंडिंग चालान (बिना पैसा वाला चालान) कटवा लिया। चालान कटते ही उसका मैसेज उदय के पास चला गया। चालान का मैसेज देख उदय ने डुमरांव थानाध्यक्ष को फोन लगा चालान काटने का कारण पूछा और बताया कि मेरी कार तो दालान में खड़ी है। पुलिस ने जब मनीष को दोबारा पकड़ पूछताछ की तो माजरा साफ हो गया। मनीष ने बताया कि उसने यह कार एक महिला से खरीदी थी। लेकिन इसका रजिस्टेशन नंबर नहीं मिल रहा था। एक दिन उसने बक्सर में उदय की कार को देखा जो बिल्कुल उसकी कार जैसी थी। उसने उसका नंबर लगा लिया।

## पट खुलते ही मन के दर्शन को उमड़ा जन सैलाब



**आरा।** शहर समेत पुरे जिले में मां दुर्ग के दर्शन के लिए पट खोल दिए गए। मां दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं की आज पूरे विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन के लिए जुटने लगे। इस दौरान कई पूजा पंडालों में विशेष आरती भी हुआ।सभी पूजा पंडाल को एक से बढ़कर एक मंदिर, आकर्षक गेट व अन्य रूप दिया गया है। सड़कें रंग-बिरंगी लाइटिंग से सज चुकी है। शांति पूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा को सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। मजिस्ट्रेट के साथ जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है। माता दुर्गा की आराधना में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ सप्तमी के दिन माता दुर्गा का पट खुलते ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता जी की आरती और कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन पचरा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वकील साह पूजा समिति के अध्यक्ष मनोहर कुमार मंटू, डॉक्टर सुनील कुमार, रविंदर केसरी, अरुण वर्मा, पिंटू केसरी, संजू कुमार और निर्मल जी ने देवी गीत और देवी पचरा गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस आयोजन की चर्चा खूब हो रही है, और श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा की आराधना में अपनी श्रद्धा और भक्ति का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में बुधवार को ठनका गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी स्व.शहबान मियां के बेटे हैदर अली (64) हैं। वह पेशे से किसान थे। इधर, शाहपुर प्रखंड के वार्ड नंबर चार के वार्ड सदस्य शरफुद्दीन अंसारी ने बताया कि वह पेशे से किसान थे। लेकिन कब्रिस्तान में कुछ पौधे सरकार की ओर से लगाए गए थे। किसान पौधे की देखभाल भी करते थे। बुधवार की देर शाम बारिश हो रही थी। तभी बारिश में वह कब्रिस्तान में पौधा देखने गए थे। उसी दौरान अचानक उन पर ठनका



गिर पड़ा। इससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। आसपास के खेत में मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उनके शव को घर ले आए।

**पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टमः** मृतक के परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी लैलुन निशा, तीन बेटी नाजो, सबया,मुस्कान व दो बेटा आरिफ अंसारी और अबरार अंसारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी लैलुन निशा और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**भोजपुर में सरकारी पेड़-पौधे की करते थे देखभाल, घूमने जाने के दौरान हुआ हादसा**

# स्कूल में हुई पूजा, हुआ डांडिया उत्सव



निज संवाददाता। आरा

डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल,मौला बाग ,पुरानी पुलिस लाइन,आरा में नवरात्र के अवसर पर माता दुर्गा एवं नौ देवियों की पूजा अर्चना व आरती की गई। नवदुर्गा का रूप लेकर विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहन झांकी की प्रस्तुति दी निदेशक अंकुर आनंद वर्मा ने नवदुर्गा को चुनरी भेंट कर नवदुर्गा का विधिवत पूजन कर नवदुर्गा से आशीर्वाद लिया । तथा सभी देवियों को प्रणाम किया साथ ही साथ सभी शिक्षकों ने नौ दुर्गा की पूजा की । नौ देवियों के रूप में विद्यालय की छात्रा आर्य नंदिनी, प्रियंका, गौरीशा कुमारी, एनवी राजपूत, ट्विंकल कुमारी आद्रिका कुमारी, आकृति कुमारी क्रमशः पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवीं सिद्धिदात्री। ये मां दुर्गा के नौ रुप मैं विद्यालय की छात्राएं विद्यालय को सुशोभित कर रही थी ऐसा लग रहा था कि जैसे नवरात्र में नवदुर्गा के दर्शन विद्यालय के प्रांगण में ही हो गया।उसके पश्चात नवरात्र पर डांडिया का आयोजन किया गया डांडिया में छात्र-छात्राओं मैं खूब मस्ती की तथा तथा शिक्षकों ने भी डांडिया गरबा किया। उसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को मिठाइयां बांटी गई। डीपीएस इंटरनेशनल के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा ने पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से भोजपुर वासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की पूरा भोजपुरी नवरात्र के पावन पर्व पर नौ देवियों की आराधना कर रहे सभी व्यक्तियों की मनोकामना पूर्ण हो।

# किसान मजदूर यूनियन के संयोजक का मिला शव

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सिकरौल गांव के खेत के पास बनारपुर गांव निवासी अशोक तिवारी का शव मिला है। ये प्रभावित किसान मजदूर यूनियन के संयोजक भी थे। सूचना पर गांव के आसपास के लोगों की काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई है। मृतक के परिजनों ने उनके 2 सहयोगी पर हत्या का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि 2 लोग हमेशा इनके साथ रहते थे। लेकिन, वो गायब है। उन्होंने ही हत्या की होगी। घटना की सूचना पर राजपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंच कर सैंपल इकट्ठा कर रही है। बक्सर सदर के डीएसपी धीरज कुमार आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है। गांव के लोग मौके पर एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े हुए है। गांव के लोगों ने कहा है कि जब तक एसएसपी नहीं आएंगे, तब तक यहां से शव उठाने नहीं देंगे। गांव के लोगों ने चौसा मोहनिया स्टेट हाइवे को जाम कर दिया है। जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

**पानी भरे खेत में मिली लाशः** मृतक की पहचान अशोक तिवारी (48), पिता स्व.राम बच्चन तिवारी



के रूप में हुई है। वो अपने घर से एक किलोमीटर दूर सिकरौल गांव में जाने वाले रास्ते के पास पानी भरे खेत में मुंह के बल गिरे मिले। सिकरौल गांव के लोग ने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी है। बेटे हिमांशु कुमार ने बताया कि सुबह में सूचना मिली है। सिकरौल गांव के दो लोगों पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के सामाजिक कार्यकर्ता होने के कारण मौके पर 10 गांव के लोग की भीड़ इक्ट्ठा हो गई है। बनारपुर गांव के लोगों ने बताया कि गांव में शिवालय के पास दुर्गा की प्रतिमा रखा गया है। वहां रात के नौ बजे तक खीर का प्रसाद सभी को बांटे गए है। ये अचानक गायब हो गए।सुबह घर से तो हम लोग पहुंचे।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची। उसके आसपास के सैंपल को इक्ट्ठा किया है।

# लालू के करीबी अरुण यादव की 46 अचल संपत्ति जब्त पूर्व विधायक की पत्नी की कंपनी पर भी ED का एक्शन






निज संवाददाता। आरा

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के सबसे करीबी पूर्व विधायक अरुण यादव पर ED ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। ED ने अरुण यादव और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 46 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। साथ ही अरुण यादव की पत्नी के नाम पर बनाई गई कंपनी मेसर्स किरण दुर्गा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी कार्रवाई की गई है। कंपनी की कीमत लगभग 19.32 करोड़ रुपए है और बैंक खातों में 2.05 करोड़ रुपए जमा है। जिसे जब्त किया गया है।

**भोजपुर और पटना में संपत्तिः** ED ने बताया है कि आरजेडी के पूर्व विधायक अरुण यादव, उनकी पत्नी किरण देवी और उनके दोनों बेटे राजेश कुमार, दीपू सिंह के साथ मेसर्स किरण दुर्गा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी) सहित अन्य के खिलाफ PMLA, 2002 के तहत 46 अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। अचल संपत्तियां भोजपुर जिले के अगियांव गांव और पटना के पॉश इलाकों में स्थित है।

**अरुण यादव ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कीः** ED की रिपोर्ट में बताया है कि अरुण यादव और परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में लगभग 8.18 करोड़ रुपए और संबद्ध इकाई मेसर्स किरण दुर्गा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खाते में लगभग 11.80 करोड़ रुपए बिना किसी आधार के जमा किए गए थे। इस तरह अरुण यादव ने अपने परिवार के सदस्यों और कंपनी के नाम पर लगभग 39.31 करोड़ रुपए की भारी संपत्ति अर्जित की है, जो स्पष्ट रूप से उनके आय के वैध स्रोत से अधिक है।

**ईडी की जांच अभी जारी हैः** अरुण यादव और उनकी पत्नी किरण देवी 2015 से लेकर अब तक सार्वजनिक पद पर हैं। उन्होंने बैंकिंग प्रणाली और मेसर्स किरण दुर्गा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड का दुरुपयोग किया। ED की जांच से पता चला है कि अरुण यादव ने आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर और अपने पद का दुरुपयोग करके अपराध से आय अर्जित की है। ED की जांच अभी चल रही है।

**महलनुमा मकान में पहले आई थी सीबीआई की टीमः** 5 जनवरी, 2024 को लैंड फॉर जॉब मामले सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम दिल्ली से अरुण यादव के घर आई थी। इस दौरान सीबीआई की टीम ने महलनुमा मकान की नापी की थी। कई महत्वपूर्ण साक्ष्य सीबीआई की टीम को लगी थी। इसके बाद 30 जनवरी को सीबीआई ने दिल्ली बुलाया था, लेकिन उनकी पत्नी विधायक किरण और अरुण यादव किसी कारण वश नहीं गए थे। जिसके बाद सीबीआई ने दोनों को समन किया था । 16 मई 2023 को भी सीबीआई की टीम लैंड फॉर जॉब मामले में अरुण यादव के महलनुमा मकान में आई थी, इस दौरान टीम को कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले थे।

# नदी में डूबने से छात्र की मौत, भोजपुर में नहाने के दौरान हादसा, दूसरे दिन मिला किशोर का शव

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के भूसौला गांव में गंगा नदी में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव भुसौला गांव स्थित जवईनिया गंगा घाट के किनारे से बुधवार को मिला है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत छात्र बहोरनपुर थाना क्षेत्र के भूसौला गांव निवासी दिलीप सोनार का 17 वर्षीय बेटा अभय कुमार है। वो दसवीं कक्षा का छात्र था। मृत छात्र के पिता दिलीप सोनार ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह भूसौला गांव स्थित जवईनिया गंगा घाट के किनारे नहाने गया था। नहाने के दौरान वह नदी में डूब गया। गांव के ही दो युवक उसके घर आए और उसके पिता से कहा



कि उनका बेटा डूब गया है। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। जिसके बाद मंगलवार की शाम तक एसडीआरएफ की टीम ने काफी खोजबीन की। लेकिन, वह नहीं मिल पाया था। बुधवार को वह उसी गंगा नदी घाट के किनारे पानी में पड़ा दिखा।

**पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टमः** स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकल गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां प्रमिला देवी,चार बहन रजनी कुमारी,अंजली कुमारी, प्रीति कुमारी,नीतू कुमारी व दो भाई आशुतोष कुमार वर्मा और आशीष कुमार वर्मा है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां प्रमिला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एम्बुलेंस कर्मियों का अनशन शुरू, रोगियों की बढ़ी परेशानी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे एम्बुलेंस कर्मी कोई कार्रवाई नहीं होने पर आज से अनशन पर बैठ गए हैं। जिसकी वजह से गांव से अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोग को निजी वाहन और एम्बुलेंस के सहारे सदर अस्पताल के अलावा अन्य प्रखंड स्थित सरकारी अस्पतालों पर पहुंचना पड़ा रहा है। एम्बुलेंस कर्मियों के इस हड़ताल की वजह से लोगों को निजी वाहनों को मनमाना चार्ज देना पड़ रहा है। हालांकि पूरे जिले से भूख हड़ताल पर बैठे एम्बुलेंस कर्मियों से अब तक कोई मिलने नहीं आया है। अनशन पर बैठे 102 एम्बुलेंस कर्मी शैलेंद्र प्रसाद द्वारा बताया गया कि पूरे जिले में 142 एम्बुलेंसकर्मी है लेकिन फिलहाल 127 एम्बुलेंस कर्मी



ही कार्यरत हैं। अभी हमलोग अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन पर हैं। इसके बाद भी अगर प्रशासन नहीं सुनती है तो हमलोग आत्मदाह करने की तैयारी करेंगे। उसके बाद मुख्य सड़क को जामकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। चार महीने का वेतन जो बकाया है उसकी मांग है। इसके अलावा 6 माह के पीएफ ईपीएफ बाकी है उसकी मांग है। एकवना गांव से पहुंचे विवेक सिंह द्वारा बताया गया कि अपनी वृद्ध नानी की तबीयत खराब होने पर निजी वाहन से बक्सर सदर अस्पताल लेकर पहुंचा हुआ हूं। जिसके लिए वाहन का किराया एक हजार रूपया देना पड़ा।

# 52 पुड़िया हेरोइन के साथ 2 तस्कर अरेस्ट, कब्रिस्तान के पास कर रहे थे खरीद-बिक्री

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस को दो अलग–अलग मामलों में कामयाबी मिली है। पहला मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर कब्रिस्तान के समीप का है। पुलिस ने छापेमारी कर करीब 52 पुड़िया हेरोइन के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी बुधवार को सदर एएसपी परिचय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शाहपुर के कनैली गांव निवासी बम बहादुर पासवान और बबलू राम को गिरफ्तार किया गया है। इसे लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रानीसागर-साहोडीह जाने वाली सड़क के किनारे कब्रिस्तान के पास कुछ लोग घूम कर मादक पदार्थ बिक्री कर रहे हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष रजनीकांत के नेतृत्व में टीम गठित कर रानीसागर-साहोडीह जाने वाली सड़क के किनारे स्थित रानीसागर कब्रिस्तान के पास छापेमारी की गई। पुलिस को



देखते ही तीन की संख्या में रहे धंधेबाज भागने लगे। इसके बाद पीछा कर दो सदस्यों को धर दबोचा गया। तलाशी के दौरान बम बहादुर पासवान के पास से छोटा-छोटा 52 पुड़िया हेरोइन जैसा मदाक पदार्थ बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर हेरोइन के नेटवर्क के बारे में पता लगाया जा रहा है।

**अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तारः** सिकरहटा थाना क्षेत्र के नोनाडीह मोड़ के समीप छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया गोलू पांडेय इमादपुर का निवासी है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश नोनाडीह मोड़ के समीप अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। एसपी राज के निर्देश पर टीम गठित कर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। इसके बाद पीछा कर गोलू पांडेय को धर दबोचा गया। तलाशी लिए जाने पर एक देसी पिस्तौल व पांच कारतूस बरामद किया गया। अवैध हथियार के बारे में पूछे जाने पर बताया कि इमादपुर के बाला पांडेय ने हथियार व कारतूस दिया है। टीम में थानाध्यक्ष राजीव रंजन समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# डीजे जब्त होने पर पूजा समिति ने किया हंगामा, पूजा पंडाल में बज रहा था DJ

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में पूजा पंडाल में डीजे बजाने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। डीजे सेट को जब्त कर थाने ले गई। कार्रवाई से आक्रोशित होकर पूजा समिति के लोगों ने अपने पंडाल की लाइट को बंद कर दिया और सड़क पर उतर गए। वे लोग जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पूजा समिति के लोगों ने कहा कि डीजे सेट नहीं साउंड बॉक्स बजाया जा रहा था। इस पर भी पुलिस ने कार्रवाई की है। देखते-देखते ज्योति चौक पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। चौक पर जाम की स्थिति हो गई। आसपास के लोगों के समझाने के बाद पूजा समिति के लोग शांत हुए। घटना ज्योति चौक के पास की है।

**सूचना के बाद भी नियमों का उल्लंघनः** ज्योति प्रकाश चौक की पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि उन्हें शांति समिति की बैठक में डीजे न बजाने की हिदायत दी गई थी। नगर के अन्य स्थानों पर डीजे बज रहा है। प्रशासन को वहां भी कार्रवाई करनी चाहिए। एसडीपीओ धीरज कुमार ने कहा कि पहले से ही पूजा समितियों को डीजे बजाने पर मना किया गया था, उन्हें सूचित किया गया था। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन किया गया। डीजे बजाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई



♦ कार्रवाई पर प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

की जाएगी। ज्योति प्रकाश चौक पर डीजे जब्त किए जाने के बाद स्थानीय युवाओं ने विरोध जताया। इस दौरान भाजपा नेता अमित पांडेय मौके पर पहुंचे और पूजा समिति के युवकों का समर्थन करते हुए डीजे वापस दिलवाने में मदद की।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व के केसों का दिसंबर तक निपटारा करें: कमिश्नर

**भागलपुर।** कमिश्नर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में राजस्व कोर्ट में पेंडिंग केसों व सर्टिफिकेट केस से संबंधित समीक्षा बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। प्राथमिकता के आधार पर छह महीनों से ज्यादा पेंडिंग राजस्व केसों को दिसंबर तक निपटारे के निर्देश दिए गए। डीएम, एडीएम, एसडीओ व कार्यपालक दंडाधिकारी को राजस्व कोर्ट में पेंडिंग केसों का दो तिहाई निपटारा दिसंबर तक करने को कहा गया। सीओ और डीसीएलआर के राजस्व कोर्ट में पेंडिंग केस दिसंबर तक 85-90 प्रतिशत निपटारे के निर्देश दिए गए। सभी जिलों में नीलाम पत्र केस के हिसाब कोर्ट की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। डीएम को दुर्गा पूजा के बाद अग्रणी बैंक प्रबंधक और अन्य बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक कर सर्टिफिकेट केस के निपटारे के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को 15-18 अक्टूबर के बीच सभी बैंक प्रबंधक, खनन और सभी वित्तीय संस्थानों को फार्मेट उपलब्ध करा कर 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट लेकर कार्रवाई करने को कहा गया। सभी डीएम को नीलाम पत्र वादों के लिए एडीएम को नोडल पदाधिकारी नामित करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक माह इसकी समीक्षा की जाएगी।

### नाटक घर-घर, सड़क-सड़क का मंचन कर पुरुषवादी मानसिकता को किया उजागर

**भागलपुर।** परिधि द्वारा दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर में बुधवार को नाटक और माइम की प्रस्तुति की गई। महिला मुद्दों पर केंद्रित नाटक और माइम का निर्माण परिधि महिला मंडली द्वारा किया गया। महिला मंडली ने नाटक "घर-घर सड़क-सड़क' का मंचन किया। इसमें महिला कलाकारों ने महिलाओं के साथ जन्म से लेकर मृत्यु तक होने वाले भेदभाव को दिखाया गया है।

### पैसेंजर से डेमू के डिब्बे अब हटाए जाएंगे

**भागलपुर।** जमालपुर से देवघर के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 03633/34 पैसेंजर में डेमू के डिब्बे हटाए जाएंगे। इसमें डेमू की जगह आईसीएफ के पारांपरिक रैक लगाए जाएंगे। ट्रेन जमालपुर से सुबह 05:10 पर चलती है। ट्रेन रतनपुर, सुल्तानगंज होते हुए सुबह 06:50 बजे भागलपुर पहुंचती है। सुबह 08:32 बजे बांका पहुंचती है। कटोरिया व चांदन होते हुए 10:25 बजे देवघर पहुंचती है। ट्रेन 15 मिनट पहले 10:10 पर पहुंचेगी। 12 अक्टूबर से ये ट्रेन 03633/34 की जगह 53442/41 ट्रेन नंबर से जानी जाएगी। ट्रेन में सात द्वितीय श्रेणी के कोच जोड़े जाएंगे।

### पति ने चाकू घोंपकर महिला को किया था जख्मी, इलाज के दौरान मौत

**भागलपुर।** पति ने अपनी पत्नी को चाकू मारकर घायल कर दिया था। महिला का पिछले डेढ़ महीने से मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार की देर शाम महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका मीना देवी (30) गोड्डा के कुरमीचक निवासी गनुआ मांझी की पत्नी थी। घटना के बाद बुधवार को बरारी पुलिस कैंप ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में घटना के बाद मृतका के मायके वालों ने स्थानीय थाना में केस दर्ज कराया था। जख्मी महिला की मौत के बाद हत्या की धारा लगेगी। घटना के बाद से आरोपी पति घर से फरार है। मृतका की मां कौशल्या देवी ने बताया कि डेढ़ महीने पहले पति की प्रताड़ना और बार-बार मारपीट से तंग आकर मेरी बेटी घर आ गई थी। दामाद लगातार उसे ससुराल बुला रहा था। बेटी जाने से बच रही थी। तभी एक दिन दामाद अपने दोस्त के साथ मेरे घर पहुंचा। शाम में शौच जाने का बहाना कर बेटी को साथ चलने को कहा। इसी दौरान बेटी के कमर में चाकू घोंप कर गंभीर रूप से जख्मी कर भाग गया। बेटी को तीन बच्चे हैं। दो लड़का और एक लड़की है।

### भाई ने कहा- पैसे के लिए जीजा भी अकसर मेरी बहन को पीटा करते थे

**भागलपुर।** मृतका सोनी देवी के भाई राकेश ने जीजा पर बहन के साथ मारपीट व पैसे के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाया है। राकेश ने बताया कि एक माह पहले भी जीजा ने बहन को पीटा था। तब हमलोगों ने समझौता कराया था। सिपाही आनंद ने बताया कि ससुराल वालों का आरोप गलत है। पति-पत्नी के बीच के छोटे-मोटे झगड़े को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जा रहा है। साला ही मुझे गाली-गलौज करता था। मेरे पिताजी नहीं है। कभी कुछ छोटी-मोटी जरूरत होती थी तो मैं ससुर से पत्नी को मदद मांगने के लिए कहता था। मेरा एक बार ब्रेन हेम्ब्रेज हो गया था। जिसके कारण कुछ परेशानी होती थी। एक वर्ष पहले दवा कंपनी में काम शुरु की थी सोनी, आशंका वहीं से ब्लैकमेलिंग की हुई शुरुआत जानकारी के अनुसार मृतका सोनी देवी एक वर्ष से दवा कंपनी में काम करती थी। आशंका जताई जा रही है कि ब्लैकमेलर उसी कंपनी से जुड़ा कोई शख्स या सहकर्मी है। क्योंकि मृतका के पति सिपाही आनंद के द्वारा जो मोबाइल नंबर ब्लैकमेलर का बताया गया है वह पटना के किसी मुकेश कुमार का है। मुकेश ने बताया कि मैंने किसी को कॉल नहीं किया है। हालांकि बातचीत के दौरान वह पूरी तरह से नर्वस महसूस कर रहा था। मानों वह कुछ छिपाना चाहता है। उसने बताया कि मेरी पत्नी बीते एक वर्ष से एक दवाई कंपनी में काम करती है। शायद वहां सोनी देवी से उसकी मुलाकात हुई होगी।

### छात्र से धक्का-मुक्की कर गला दबाने की कोशिश की

**भागलपुर।** टीएमबीयू के पीजी ब्वॉयज हॉस्टल तीन में मंगलवार की रात एक छात्र ने दूसरे छात्र के साथ धक्का-मुक्की की और उसका गला दबाने का प्रयास किया। पीड़ित छात्र रूपेश कुमार ने इसकी शिकायत बुधवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेन्द्र कुमार से की। एमसीए के सत्र 2022-24 के छात्र रूपेश ने ब्रजेश नाम के छात्र पर गला दबाने का आरोप लगाया है। बताया गया कि ब्रजेश जमीन का कारोबार करता है और एक प्रोफेसर का रिश्तेदार है। वह हॉस्टल मे अवैध ढंग से रहता है। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि हॉस्टल में अवैध ढंग से रह रहे व्यक्ति पर छात्र से मारपीट करने का आरोप है। शिकायत मिली है। इसकी जांच कराई जाएगी। रूपेश ने डीएसडब्ल्यू को बताया कि वह मंगलवार को रात में हल्दी का पौधा लेकर अपने हॉस्टल पहुंचा था। पौधे को उसने अपने कमरे के गेट के पास रख दिया। ब्रजेश उसके कमरे के सामने वाले कमरे में रहता है। ब्रजेश पौधा वहां रखने को लेकर रूपेश से उलझने लगा। रूपेश ने उससे कहा कि पौधा उसके (ब्रजेश) के कमरे के बाहर है। फिर भी वह पौधे को सुबह में हटा देगा। रुपेश अपने में कमरे में जाने लगा तो ब्रजेश ने दरवाजे में पैर मार दिया और उसके साथ धक्कामुक्की करते हुए उसका गला दबाने लगा। इसके बाद रुपेश के साथ मारपीट शुरू कर दी और गला दबाने लगा। हॉस्टल के दूसरे छात्र पहुंचे तो रूपेश को छुड़ाया। रूपेश ने मामले की जानकारी हॉस्टल अधीक्षक को दी। इस हॉस्टल में लगभग आधा दर्जन लोगों के अवैध ढंग से रहने की बात कही जा रही है।

### पार्ट-2 की परीक्षा का नया कार्यक्रम किया गया जारी

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में 23 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित स्नातक पार्ट-2, सत्र 2022-25 ऑनर्स एवं सब्सिडियरी की परीक्षा बाढ़ के कारण स्थगित की गई थी। अब जब बाढ़ की स्थिति सामान्य हो गई है, तो स्थगित परीक्षा का नया कार्यक्रम बुधवार को जारी किया गया। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि अब स्नातक पार्ट-2 की स्थगित ऑनर्स एवं सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा नए कार्यक्रम के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनर्स के स्थगित विषयों की परीक्षा 15 और 16 अक्टूबर को ली जाएगी। जबकि सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा 17 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलेगी। बता दें कि इसके लिए 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर देख सकेंगे।

# मारपीट मामले में 6 को बनाया नामजद, युवक के साथ हुई थी मारपीट

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में दुकान से घर लौट रहे एक युवक को गांव के ही 5- 6 लड़के ने पकड़कर लाठी डंडे से पीट दिया। घटना की सूचना के बाद घायल युवक के परिजन मौके पर पहुंचे। बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की और फरार हो गए। घटना में दो लोग जख्मी हुए हैं। जिनका इलाज जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायल की पहचान अमिला देवी और विनोद दास के रूप में की गई है। घटना बाइपास थाना क्षेत्र की है।

**6 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है:** इस मामले में पीड़ित ने 6 लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फर्द बयान दर्ज करवाया है। आरोपियों की पहचान अशोक दास के बेटे अभिषेक कुमार, रामजीत दास के बेटे विशोक कुमार, पंकज दास के बेटे सरवन कुमार, रंजीत दास के बेटे वीरेंद्र दास और अशोक दास, मेघु दास के बेटे पंकज दास शामिल है। इन सभी पर गाली-गलौज समेत छिनतई और मारपीट का आरोप लगाया गया है।

**परिजनों पर भी हुआ था हमला**

**सात अक्टूबर को हुई थी मारपीट:** घटना 7 अक्टूबर के दोपहर 2 बजे के करीब की है। इलाज में व्यस्तता रहने के कारण 10 अक्टूबर को परिजनों ने बाइपास थाना में लिखित आवेदन दिया। घायल के चाचा ने बताया कि भतीजा सन्नी कुमार दुकान से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की, बीच-बचाव करने पहुंचे हम लोगों के साथ भी बदमाशों ने मारपीट की। हम लोग थाना पर पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने कहा कि पहले इलाज करवा लीजिए। इलाज में व्यस्तता होने के कारण हम लोग आज आवेदन देने के लिए पहुंचे हैं।

# डांडिया नाइट पर थिरकीं महिलाएं



निज संवाददाता। भागलपुर

शारदीय नवरात्रि के शुरू होते ही शहर में डांडिया की धूम बढ़ने लगी है। वहीं बुधवार शहर के दक्षिणी क्षेत्र के सिकंदरपुर पानी टंकी समीप गार्डेन मैरेज हॉल में डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माता की भक्ति गीत पर डांडिया नृत्य के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसमें शहर के अलग-अलग इलाके से आये महिलाओं ने अपने परिवार के साथ जमकर डांडिया नृत्य की। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीतों पर डांडिया नृत्य किया। अभिषेक किशोर ने बताया कि शारदीय नवरात्र पर हर वर्ष डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें लोग अपने परिवार के साथ आकर डांडिया नृत्य किया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर बुधवार को ताल नृत्य संस्थान की ओर से संस्थान परिसर में झिझिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ताल की लड़कियों ने झिझिया नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। ताल की निर्देशिका श्वेता भारती ने कहा कि उत्तर बिहार के अंग प्रदेश और मिथिलांचल में समान रूप से लोकप्रिय नृत्य झिझिया, लोक नृत्य की एक खास शैली है। यह नृत्य दुर्गा पूजा के अवसर पर किया जाता है। इसमें महिलाएं अपने सिर पर घड़े रखकर जिसके अंदर जलता हुआ दीपक लेकर नृत्य करती है।

## 1.45 करोड़ रूपए के लोन की स्वीकृति भागलपुर में शिविर का आयोजन

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के जिरोमाइल स्थित रेशम भवन में ऋण स्वीकृति और वितरण शिविर का आयोजन किया गया। ये आयोजन प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत हुआ है। उप विकास आयुक्त, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक,परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र के अन्य पदाधिकारी कर्मी, बैंक पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ है। मालूम हो कि शिविर में पीएमईजीपी योजना के 24 लाभार्थियों के बीच लगभग 1.45 करोड़ रुपए के ऋण की स्वीकृति और पीएमएफएमइ के 45 लाभार्थियों को लगभग 1.30 करोड़ रुपए का वितरण किया गया।

**बैंक के वरीय पदाधिकारियों को दिया निर्देश:** उप विकास आयुक्त ने ऋण शिविर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में वित्तीय वर्ष के अन्त तक शत-प्रतिशत ऋण वितरित करने के लिए सभी बैंक के वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसका मकसद है कि योजना से लाभान्वित सभी आवेदकों को इकाई के सफल संचालन के साथ उद्यम को बढ़ाने और विस्तार करने में मदद मिल सकें। घरेलू स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उप विकास आयुक्त ने जिन बैंकों ने लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत और वितरण किया है। उन सभी बैंकों की सराहना की साथ ही इस योजना में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन और जिला उद्योग केन्द्र ने उन आवेदकों को सहयोग प्रदान करने के लिए बैंकों व उद्यमियों को आश्वस्त किया है।

# सिपाही की पत्नी के सुसाइड मामले में FIR दर्ज, भागलपुर में ब्लैकमेलिंग से तंग आकर आत्महत्या

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के तिलकामांझी थाना क्षेत्र के सच्चिदानंद में पटना पुलिस बल में तैनात सिपाही की पत्नी ने आत्महत्या कर लिया। इस मामले में पति आनंद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो पाएगा। हालांकि, आत्महत्या को लेकर स्थानीय लोग कई सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि उनका गला घोंटने के बाद फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। मृतका के बेटे के अनुसार अनजान नंबर के कॉल से मां को परेशान करने की बात कही जा रही है। पुलिस के प्रारंभिक जांच के अनुसार मामला ब्लैकमेलिंग से जुड़ा बताया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। ब्लैकमेल करने का शक मार्केटिंग कंपनी के स्नैपशॉप के एक एजेंट पर जा रहा है। इसके जाल में वह मार्केटिंग ऑर्डर के दौरान ही फंस गई थी। मृतका के बेटे दीपक ने पुलिस को बताया कि उसकी मां को मोबाइल पर कोई कुछ दिनों से लगातार परेशान कर रहा था। कॉल आने पर मां घबरा जाती थी। दीपक ने पुलिस को बताया कि उसकी मां को कॉल करने वाले से परेशानी थी। मां ने पिता को भी कॉल को लेकर बताया था। नंबर ब्लॉक करने के बाद भी अलग-अलग नंबरों से मन को फोन कर तंग किया जाता था।

**मोबाइल के कॉल डिटेल से पता चलेगा मौत का राज:** पुलिस मृतका के मोबाइल के कॉल डिटेल से आत्महत्या और हत्या स्पष्ट कर पाएगी। आखिरकार जिस तरह से परिजनों को शक है कि ब्लैकमेलिंग में सुसाइड या हत्या हुई है, तो कॉल डिटेल से यह स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर वह कौन व्यक्ति है। जिसने कॉल कर मृतिका को परेशान करती थी। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है। जिससे मौत का खुलासा स्पष्ट हो पाएगा। मालूम हो कि बुधवार की दोपहर सच्चिदानंद स्थित किराए के मकान में पटना पुलिस बल में तैनात आनंद के पत्नी सोनी देवी का फंदे से लटकता हुआ शव मिला था। इधर, मौके पर पहुंचे पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी थी। बता दें कि आनंद पहले भागलपुर यातायात पुलिस में तैनात रह चुके है। पुलिस जिला नवगछिया के रहने वाले हैं। जबकि, सोनी देवी का मायका कहलगांव में है। सोनी देवी सच्चिदानंद नगर कॉलोनी में एक किराए के मकान में अपने तीन बेटों के साथ रहती थी। सोनी देवी पिछले कुछ दिनों से पटना में थी। वह बुधवार की सुबह ही वहां से भागलपुर लौटी थी। आने के चंद घंटे बाद कमरे से शव बरामद हुआ था। शंभू पासवान ने बताया कि सही तस्वीर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आ जाएगी। फिलहाल, फॉरेंसिक टीम और पुलिस टीम छानबीन कर रही है।

**जिस नंबर से कॉल आता था, पुलिस को सौंपा गया है:** इस मामले में पोस्टमार्टम हो चुका है। पति आनंद का कहना है कि ब्लैकमेलिंग से तंग आकर उन्होंने खुदकुशी की है। किसी वीडियो के बारे में पति आनंद कुमार जिक्र कर रहे हैं। जिनको दिखाकर आनंद के साथ भी उक्त ब्लैकमेलर ने ब्लैकमेलिंग करने की कोशिश की थी। परिवार के कई सदस्यों को वह वीडियो भेजा गया है। जिस नंबर से कॉल आता था वह पुलिस को दे दी गई है।

# वृहद आश्रय गृह का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण, भागलपुर में बालिका गृह के अधीक्षक को निर्देश

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के अलीगंज स्थित वृहद आश्रय गृह का उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने निरीक्षण गया। निरीक्षण समिति ने प्रत्येक माह में कम से कम एक बार बाल देखरेख संस्थानों का निरीक्षण का प्रावधान है। उप विकास आयुक्त ने गृह निरीक्षण के दौरान बालिका गृह के अधीक्षक को भंडार पंजी व ऐंट्री को अत्यन्त संतोषजनक करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान इन्होंने कहा है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि वृहद आश्रय गृह में भवन निर्माण ने सौंदर्य के लिए किए काम किए जा रहे हैं। इसके कारण गृह और परिसर में उत्पन्न समस्याओं के निवारण के लिए भवन निर्माण निगम लि० के उपमहाप्रबंधक से समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को पूरा कराने का निर्देश दिया है।

**बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देने का आदेश:** उप विकास आयुक्त ने बच्चों के लिए बनाए गए सिक्की आर्ट का भी अवलोकन किया है। बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण और उत्तम सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। परिसर की साफ-सफाई व बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया गया। दिव्यांग बच्चों के उचित इलाज के लिए विभाग से पत्राचार किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। उप विकास आयुक्त ने यह संदेश देते हुए बताया कि बाल संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। बच्चों के अधिकारों का सम्मान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। हर बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ, और समर्थ वातावरण में जीने का अधिकार है। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास में कोई भी बाधा नहीं आनी चाहिए। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर बच्चा अपने अधिकारों से पूरी तरह लाभान्वित हो।

## बीआरएम कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से मिले, अपनी पीड़ा का किया इजहार

निज संवाददाता। मुंगेर



बीआरएम कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मियों ने त्योहार से पूर्व वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को कॉलेज में पोस्टर लहराए। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से पूछा कि - कैसे दूं बच्चों को खुशहाली, विश्वविद्यालय नहीं देता हमारी कमाई। महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मी सुबोध कुमार मंडल एवं गोपाल कुमार के नेतृत्व में वे लोग प्रभारी प्राचार्य प्रो. अजीत कुमार ठाकुर से मिले। उनसे अपनी पीड़ा का इजहार किया। साथ ही कर्मियों की मांग से विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराने का आग्रह किया। इधर सुबोध कुमार मंडल एवं गोपाल कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग से एलॉटमेंट मिलने के बावजूद दुर्गा पूजा जैसे त्योहार से पूर्व वेतन नहीं मिलना दुखद है। उन्होंने कहा कि वेतन भीख नहीं, हमारे मेहनत की कमाई है।

## बाल शोषण, श्रम और हिंसा के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी :डीडीसी



निज संवाददाता। भागलपुर

डीडीसी प्रदीप सिंह ने अलीगंज स्थित वृहद आश्रय गृह में संचालित बाल संरक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान बालिका गृह के अधीक्षक की भंडार पंजी और इंवेंट्री को अपडेट रखने का निर्देश दिया। वृहद आश्रय गृह में भवन निर्माण की ओर से सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे कामों के कारण गृह व परिसर में आने रही समस्याओं के निवारण के लिए भवन निर्माण निगम के उपमहाप्रबंधक से समन्वय स्थापित कर पेंडिंग कामों को पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने बच्चों के लिए बनाए गए सिक्की आर्ट को भी देखा। दिव्यांग बच्चों के उचित इलाज के लिए विभाग से पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने कहा कि बाल संरक्षण प्राथमिकता है। बच्चों के अधिकारों का सम्मान और उनकी सुरक्षा करना कर्तव्य है। हर बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और समर्थ वातावरण में जीने का अधिकार है। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास में कोई भी बाधा नहीं आनी चाहिए। बाल श्रम, शोषण या किसी भी प्रकार की हिंसा को सख्ती से रोका जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शहर के बीचोबीच कोल्ड ड्रिंक्स के गोदाम में बेच रहे थे अवैध हथियार

**मुंगेर ।** हथियार तस्करों के विरुद्ध लगातार हो रही कार्रवाई के दौरान मंगलवार को मुंगेर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक और बड़ी कार्रवाई करते 4 तस्करों को 11 अर्धनिर्मित पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सभी चारों हथियार तस्कर को कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मकससपुर बजरंग बली चौक के पास एक कोल्ड ड्रिंक्स गोदाम में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। बुधवार को एसपी सैयद इमरान मसूद ने पत्रकारों को बताया कि मकससपुर के समीप एक मकान में अवैध हथियार की खरीद-बिक्री की जाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। कासिम बाजार थाना पुलिस, एसटीएफ व जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए दो हथियार तस्कर को 5 अर्धनिर्मित पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि गिरफ्तार हथियार तस्कर से पूछताछ के बाद पुरानीगंज में छापेमारी कर वहां से पुलिस दो अन्य हथियार तस्कर को 6 अर्धनिर्मित पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मकससपुर में कोल्ड ड्रिंक के गोदाम में अवैध हथियार की खरीद बिक्री का कारोबार चल रहा है। जिसमें कुछ लोग एकत्रित होने वाले हैं, इसी सूचना पर सदर एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसपी ने कहा कि इस मामले में संजय कुमार शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सोनू अग्रवाल और जितेंद्र कुमार पंडित को गिरफ्तार किया है, सभी कासिम बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाला है। गिरफ्तार सभी पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बर– BSB 25 PARKING 24

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1. | छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 10.30 बजे तक |
| 2. | चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 10.40 बजे तक |
| 3. | गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 10.50 बजे तक |
| 4. | रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| 5. | बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.10 बजे तक |
| 6. | रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.20 बजे तक |
| 7. | सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.30 बजे तक |
| 8. | करीमुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.40 बजे तक |
| 9. | छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.50 बजे तक |
| 10. | फेफना जं. स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 12.00 बजे तक |

क्र.सं.:1 से 10 तक के लिए–अवधि:03 वर्ष, क्र.सं.:1 से 10 तक के लिए–ई-नीलामी की तिथि:24.10.2024

आक्शन कैटलाग नम्बर– BSB 26 PARKING 24

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1. | सीवान कचहरी हॉल्ट स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 10.30 बजे तक |
| 2. | चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 10.40 बजे तक |
| 3. | माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 10.50 बजे तक |
| 4. | दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.00 बजे तक |
| 5. | खोरासनरोड स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.10 बजे तक |
| 6. | किडिहरापुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.20 बजे तक |
| 7. | युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.30 बजे तक |
| 8. | चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.40 बजे तक |
| 9. | दुरौंधा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 11.50 बजे तक |
| 10. | बनारस (पी.एफ.-1) स्टेशन स्थित (एक्सेस कंट्रोल्ड)स्टैण्ड का ठेका। | 10.00 से 12.00 बजे तक |

क्र.सं.:1 से 10 तक के लिए–अवधि:03 वर्ष, क्र.सं.:1 से 10 तक के लिए–ई-नीलामी की तिथि:25.10.2024


● ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाईन होगी। ● ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर आनलाईन रू.10,000/- (Non Refundable) आनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी, जिसका भुगतान/कटौती उसी खाते से होगी। ● ई-नीलामी (E-Auction) से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वा.- 156 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

''ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें''

### नालंदा में दुबई का शिव मंदिर

# पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल, गया-भागलपुर में तिरुपति की झलक





**पटना ,एजेंसी।** नवरात्रि के 7वें दिन बुधवार की शाम बिहार में तकरीबन सभी पूजा पंडाल के पट खोल दिए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ देवी मां के दर्शन को उमड़ पड़ी। सभी पंडाल रंग बिरंगी रोशनी से नहाए हुए हैं। मंदिरों के बाहर मेले लगे हैं। इस बार पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल बनाया गया है। ये 151 फीट ऊंचा और 80 फीट चौड़ा है। यह पंडाल बेगूसराय के बड़की माता मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। वहीं, दरभंगा में आगरा का किला बनाया गया है। इसमें 30 लाख रुपए खर्च हुए हैं। पंडाल में एसी भी लगा है। गया, भागलपुर में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाए गए हैं। मुजफ्फरपुर. बेगूसराय में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल को सजाया गया है। नालंदा में 72 फीट ऊंचे पंडाल में दुबई के शिव मंदिर की झलक दिखाई गई है। पटना शहर के भव्य पंडालों में से एक संपतचक बाजार में बना पंडाल है। इस पंडाल को पूरे डेढ़ महीने में जामताड़ा (झारखंड) के 15 कारीगरों ने बनाया है। इस पंडाल की भव्यता और सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। पूरे पंडाल को एशिया के बड़े मंदिरों में से एक बेगूसराय के बिहट में स्थित सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। दावा किया जाता है कि माता का इससे ऊंचा मंदिर पूरे एशिया में नहीं है। कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि पंडाल बनाने की लागत 30 से 35 लाख रुपए तक है।

### साल 1971 से हो रही है पूजा

मुख्य आयोजक सदस्यों में शामिल मुकेश कुमार ने बताया कि जब यहां कुछ नहीं था, सिर्फ गांव हुआ करता था। तब से हमारे पूर्वज यहां पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित करके पूजा करते आ रहे हैं। वर्ष 1971 से यह परंपरा चलती आ रही है। पिछले 9 वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को हम लोग आगे बढ़ा रहे हैं। 40 से 50 गांव के लोग यहां पहुंचते हैं।

### गया में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर बना पंडाल

गया शहर में केदारनाथ मार्केट परिसर में तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर 100 फीट ऊंचा भव्य पंडाल बनाया गया है। खास बात यह कि तिरुपति बालाजी के मंदिर में जितने भी भगवान की प्रतिमा है, सभी यहां भी स्थापित किए गए हैं। प्रतिमा और पंडाल में अब तक 15 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं। मां की प्रतिमा पर अखरोट और काजू की माला पहनाई गई है। दिल्ली और कोलकाता के 200 कारीगरों द्वारा तैयार प्रतिमा व पंडाल बनाए गए हैं। पंडाल में लगे लाइट की हर एक घंटे बाद रंग बदल जाती है। पंडाल में दो प्रवेश और 4 निकास द्वार बनाए गए हैं।

### भागलपुर में आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के तर्ज पर बना पंडाल

भागलपुर में मारवाड़ी पाठशाला स्थित आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। युवक संघ के सचिव वावन दा ने बताया कि लगभग चार लाख रुपए की लगता से पंडाल तैयार किया गया है। इसकी चौड़ाई करीब 60 फीट और ऊंचाई भी इतनी ही है। पंडाल बनाने के लिए सभी कारीगर बंगाल से आए हैं। पंडाल परिसर में 24 सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। पंडाल के अंदर एक साथ करीब सैकड़ों लोग प्रवेश कर सकते हैं। इस पंडाल को 25 दिन में तैयार किया गया है।

**मुजफ्फरपुर में 13 लाख रुपए में बना पंडाल :** मुजफ्फरपुर के अखाराघाट पुल के पास केदार नाथ मंदिर के तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल बनाया गया है। जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां पर मां दुर्गा की 18 फीट की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। पूजा पंडाल के व्यवस्थापक रंजन कुमार तिवारी ने बताया कि इस पंडाल को बनाने में लगभग 13 लाख रुपए खर्च हुए हैं। स्थानीय कारीगरों द्वारा इसे बनाया गया है। पूजा पंडाल में एक साथ 2 हजार लोग प्रवेश कर सकते हैं। सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में पूजा समित के सदस्य तैनात हैं। इसके अलावा पुलिस के जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई है। पूजा पंडाल ने 6 सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।

### दरभंगा में 30 लाख रुपए का पंडाल

दरभंगा में गेहूमी कोठिया बाजार समिति की ओर से 5 अलग-अलग थीम पर आधारित भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। इसे 30 लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाया गया है। इस पंडाल को बंगाल और मुजफ्फरपुर के कारीगरों ने बनाया है। पंडाल का बाहरी स्वरूप आगरा के किले का है। इसके बाद भूत-बंगला, मिथिला पेंटिंग, फिर भूल-भुलैया और अंत में बंगाल के थीम पर वातानुकूल स्वर्ग लोक बनाया गया है। पंडाल के सबसे अंत में माता की प्रतिमा के दर्शन होते हैं। पूजा समिति के चंदा प्रभारी अनिल कुमार महतो ने बताया कि मुख्य पंडाल में एसी लगाया गया है। इस पंडाल को 500 स्क्वायर मीटर में तैयार किया गया है। यहां वर्ष 1977 से वैष्णवी पद्धति से देवी की पूजा की जाती है।

**नालंदा में 72 फीट ऊंचे पंडाल में दुबई के शिव मंदिर की भव्यता :** नालंदा में श्रद्धालुओं को एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव मिल रहा है। नाला रोड पर 72 फीट ऊंचा भव्य पंडाल दुबई के प्रसिद्ध शिव मंदिर के रूप में तैयार किया गया है। इस अद्भुत रचना को साकार करने में लगभग 12 कुशल कारीगर पिछले एक माह से दिन-रात जुटे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दीप जलाने के लिये युवतियों और महिलाओं में मची होड़

**भागलपुर,एजेंसी।** शारदीय नवरात्र जैसे -जैसे परवान चढ़ रही है। विभिन्न दुर्गा मंदिरों में संध्या के समय युवतियों और महिला श्रद्धालुओं में दीप जलाने की होड़ मची हुई है। नवगछिया के तेतरी, सैदपुर, रंगरा, तिनटंगा करारी, बिंद टोली, बुद्धूचक, सुकटिया बाजार, गोपालपुर, डिमाहा व बोचाही, खरीक सहित दर्जनों गांवों से निजी वाहनों व पैदल कलश स्थापन की संध्या से ही दीप जलाने हेतु बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पुलिस के जवानों के साथ पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हैं। स्वामी आगमानंद महाराज के कृपा पात्र पंडित प्रेम शंकर भारती के संगीतमय भागवत कथा से मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा है।

### 709 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई

**भागलपुर,एजेंसी।** पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में स्थित सभी थानों में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 709 लोगों के विरुद्ध भारती नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत धारा 126 के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें पीरपैंती थाना में 313 लोग, इशीपुर थाना में 116 लोग, बाखरपुर थाना में 180 लोग तथा एकचारी थाना में 100 लोग भी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### वारंटी सहित चार गये जेल

**गया,एजेंसी।** डोभी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पुलिस ने वारंटी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंभरिया गांव से विक्रम पासवान, दीपक पासवान, उमेश पासवान एक मामले के वारंटी थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर, एक अन्य मामले में जोलहबिगहा गांव के पर्वतीया देवी को भी पकड़ा गया।

### 52 लीटर बीयर के साथ तीन गिरफ्तार

**गया,एजेंसी।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से पुलिस ने 52 लीटर बीयर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि फतेहपुर आरगा गांव के शंकर कुमार, परवडीह गांव के विक्रम कुमार, टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के रोशन कुमार को बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

### अन्तरमहाविद्यालय योग प्रतियोगिता अब 24 से

**छपरा,एजेंसी।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय अन्तरमहाविद्यालय योग प्रतियोगिता अब 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक डॉ राजेश नायक ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले यह प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से छपरा के पीसी विज्ञान महाविद्यालय में होनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणवश प्रतियोगिता को तत्काल के लिए स्थगित कर दिया गया है और अब 24 अक्टूबर से यह प्रतियोगिता पीसी विज्ञान कॉलेज में ही आयोजित होगी।

### ग्रामीणों ने डीजे सिस्टम का किया विरोध

**दरभंगा ,एजेंसी।** नगर पंचायत भरवाड़ा में बुधवार को ग्रामीणों ने कर्कश आवाज वाले डीजे सिस्टम का विरोध किया। बिना डीजे के ही मनोरम झांकी एवं जयकारे के साथ बेलनौती जुलूस धूमधाम से निकाला गया। मौके पर सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शंभू ठाकुर, मुख्य पार्षद सुनील भारती आदि गणमान्य लोगों ने बताया कि डीजे की कर्कश आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है।

### फॉर्मल ड्रेस पहने टीचर्स ; डीजे और नाच-गाने पर भी बैन

# सरकारी स्कूल में जींस-टीशर्ट पहनने पर रोक : शिक्षा विभाग का निर्देश

**पटना ,एजेंसी।** शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के जींस-टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी है। विभाग के निर्देशानुसार अब सरकारी स्कूलों में शिक्षक फॉर्मल ड्रेस में आएंगे। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में डीजे, डांस, गाना गाने और रील बनाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके लिए शिक्षा विभाग के डायरेक्टर सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है।

सुबोध कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी करते हुए लिखा कि सोशल मीडिया फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर शिक्षकों के डांस करते हुए कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। डीजे, डिस्को समेत अन्य लो लेवल की गतिविधियां स्कूलों में देखी जा रही है। स्कूल में इस तरह का व्यवहार शैक्षणिक माहौल को गलत तरीके से प्रभावित करता है। ऐसे में इसे कहीं से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। हालांकि, शिक्षा विभाग ने ये स्पष्ट कर दिया कि सिर्फ शिक्षा कैलेंडर के मुताबिक, विशेष दिनों में ही डांस म्यूजिक आदि का डिसिप्लिन और शालीन तरीके से किया गया कार्यक्रम ही मान्य होगा।




### अब फॉर्मल में स्कूल आएंगे शिक्षक

शिक्षा विभाग के आदेश में आगे कहा गया है कि स्कूलों में शिक्षक और कर्मचारी कैजुअल ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे हैं। यह भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने लेटर में साफ कह दिया है कि स्कूलों में शिक्षक टी-शर्ट और जींस में नहीं आएंगे, बल्कि फॉर्मल ड्रेस में स्कूल आएंगे। टी-शर्ट और जींस को बैन किया गया है। निर्देश का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

आदेश में कहा गया है कि शिक्षक और कर्मचारी को इससे पहले भी निर्देश दिए गए थे। पुराने पत्र का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन संख्या 394 दिनांक 28 अगस्त 2019 के मुताबिक स्कूलों में व्यवहार करना होगा।

### केके पाठक ने शिक्षा विभाग के कार्यालय में टी-शर्ट और जींस पर लगाई थी पाबंदी

बता दें कि इससे पहले केके पाठक ने शिक्षा विभाग ने अपने कार्यालय में जींस और टी-शर्ट पहनकर आने पर रोक लगा दी थी। इसके लिए बकायदा विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के मुताबिक, शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों को अब फॉर्मल ड्रेस में ऑफिस आने के निर्देश दिए गए थे।

### माझी के बयान पर बोले लोजपा सांसद सिर्फ चिराग ही रामविलास के उत्तराधिकारी



**पटना,एजेंसी।** लोजपा (रामविलास) के सांसद अरूण भारती ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा पशुपति कुमार पारस को लेकर दिये गये बयान को उनकी पार्टी खारिज करती है। बुधवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ रिश्तेदार होना ही उतराधिकारी होने का पैमाना नहीं होता। पशुपति पारस को मौका मिला था, पर स्वार्थवश उन्होंने पार्टी और परिवार को तोड़ा दिया। स्व. रामविलास पासवान के उतराधिकारी सिर्फ चिराग पासवान हैं। स्व. रामविलास पासवान जी ने अपने रहते हुए चिराग पासवान को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना था। आपको बता दें कि अभी हाल ही में जीतन राम मांझी ने मीडिया से बातचीत में कहा ता कि रामविलास पासवान की रिक्ति को पशुपति पारस ही भर सकते हैं। जीतन राम मांझी दिल्ली में स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि में शामिल हुए थे। यहां रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि देने के बाद जीतन राम मांझी ने कहा था कि रामविलास पासवान ने दलितों के लिए राजनीति की थी। उनके जाने के बाद इस कार्यक्रम में शून्यता आ गई है। पशुपति पारस के बारे में जीतन राम मांझी ने कहा था, %रामविलास पासवान तो चले गए लेकिन पशुपति पारस उनके स्वरूप हैं। पारस बाबू से रामविलास पासवान की जो रिक्ति है शायद उसे पूरा किया जा सके।

### पीएम श्री योजना के लिए चुने गए बिहार के 200 से ज्यादा स्कूल, पटना से कितने विद्यालय का चयन



**पटना ,एजेंसी।** पीएम श्री योजना के तहत दूसरे चरण में बिहार के 273 विद्यालयों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। इनमें पटना जिले के छह स्कूल शामिल है। यह स्कूल पटना जिले के विभिन्न प्रखंडों के हैं। इनमें बख्तियारपुर, दानापुर, खुशरूपुर, मसौढ़ी, पटना सदर और पालीगंज के स्कूल शामिल हैं। अब इस योजना के तहत इन स्कूलों का कायाकल्प किया जाएगा। स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। आधारभूत संरचना सुदृढ़ की जाएगी। डिजिटल क्लासरूम और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। मालूम हो कि पीएम श्री योजना के दूसरे चरण के लिए राज्यभर के 17046 विद्यालयों को प्रथम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया था। राज्यभर के सभी जिले से स्कूलों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था। इस बाबत बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा था। आवेदन के बाद जिला स्तर और राज्य स्तर पर स्कूलों का चयन किया गया। राज्य स्तर पर चयनित स्कूलों का अंतिम रूप से चयन के लिए मंत्रालय भेजा गया। इन स्कूलों का अंतिम रूप से चयन भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया है।

### विसर्जन से पहले मिलता है पुरस्कार

# बंगाली संस्कृति से 91 सालों से मां की आराधना समस्तीपुर में बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन

**समस्तीपुर ,एजेंसी।** समस्तीपुर शहर के बहादुरपुर स्थित दुर्गा बारी में पिछले 91 सालों से बंगाली समाज के लोग बंगाली संस्कृति के अनुसार दुर्गा माता की आराधना करते हैं। इस पूजा की खासियत यह होती है कि पूजा का तो लोग आनंद लेते ही हैं, साथ ही बंगाली बच्चों के बीच शैक्षणिक कार्यक्रम भी चलाया जाता है। इसके तहत 3 दिनों तक चित्रकला, शंख वादन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। दसवीं के दिन इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को विसर्जन से पहले उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। दुर्गा बारी बंगाली हिंदू थीएट्रिकल कल्चरल ट्रस्ट के सचिव राणा सरकार ने बताया कि यहां बंगाली संस्कृति और विधि विधान के अनुसार माता की आराधना की जाती है।



हर साल षष्टि की रात में ही माता का पाठ दर्शन के लिए खोल दिया जाता है। पूजा के दौरान चित्रकला के अलावा शंख वादन, डांडिया, नृत्य, जलेबी रेस प्रतियोगिता, फोक डांस मेंहदी प्रतियोगिता बच्चों के बीच मैजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को दसवीं के दिन विसर्जन से पूर्व उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। नाटक का भी मंचन किया जाता है। इस बार पुरुलिया की टीम नृत्य प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

### कम खर्चे में पूजा करने की होती है कोशिश

बताया गया है कि दुर्गाबाड़ी में काम से कम खर्चे में पूजा करने का प्रचलन रहा है। इस बार भी 4 से 5 लाख रुपए में पूजा का आयोजन किया जा रहा है। नवमीं के दिन भोग का वितरण होगा।

### पूजा के दौरान ढाक होता है आकर्षण का केंद्र

पूजा समिति प्रत्येक साल बंगाल से ढाक वादन के लिए कलाकारों को बुलाती है, जो पूजा के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहता है। इस साल भी दो ढाक वादक को बुलाया गया है।

# खराब मीटर, बिल गलत होने पर सीजीआरएफ में करें शिकायत

**न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी, खुद ही बहस करने की छूट**



**पटना ,एजेंसी।** बिजली से जुड़ी समस्या है, समाधान नहीं हो रहा । स्थानीय अधिकारी सुन नहीं रहे हैं तो सीधे उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) में आवेदन कर दीजिए। यहां अपील के लिए न तो वकील की जरूरत है, न फीस लगेगी। खुद ही बहस करने की छूट भी है। नया इंतजाम यह है कि अब सीजीआरएफ ऑफिस नहीं, अपने डिविजन के सुविधा केंद्र पर भी शिकायती पत्र जमा करने की व्यवस्था हो गई है। राज्य के 20 शहरों में उपभोक्ता निवारण फोरम (सीजीआरएफ) गठित है। यहां ऑन लाइन, ऑफ लाइन आवेदन देने की सुविधा है।

### फैसले से संतुष्ट नहीं है तो क्या करें

सीजीआरएफ के फैसले से उपभोक्ता संतुष्ट नहीं हैं तो बिजली कंपनी मुख्यालय स्थिति ऑम्बड्समैन (विद्युत लोकपाल) के यहां अपील करना होगा। यहां भी कोई फीस और वकील की जरूरत नहीं हैं। सुनवाई के बाद ऑम्बड्समैन द्वारा फैसला सुनाएंगे। इस फैसले से भी संतुष्ट नहीं है तो सीधे हाईकोर्ट जा सकते है।

### आदेश का पालन न हुआ तो क्या करें

यदि सीजीआरएफ ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों के उसका अनुपालन नहीं कर रहे हैं तो विद्युत विनियामक आयोग में आवेदन दें। यहां फिर सुनवाई होगी। फैसला सुनाया जाएगा। आयोग, सीजीआरएफ का फैसला नहीं मानने पर बिजली कंपनी के अधिकारी के खिलाफ 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भी कर सकता है।

### क्या है नई व्यवस्था

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनी को डिविजन में स्थापित सुविधा केंद्र पर सीजीआरएफ के नाम से आने वाले आवेदनों को रिसीव करने का आदेश दिया है। ताकि, उपभोक्ताओं को आवेदन देने के लिए बिजली कंपनी के सर्किल मुख्यालय जाना नहीं पड़े। केस एडमिट करने के बाद दोनों पक्षों को नोटिस जाएगा। बिजली कंपनी के अधिकारी और उपभोक्ता फोरम के समक्ष पक्ष रखेंगे। सीजीआरएफ में केस एडमिट होने के बाद समाधान के लिए विद्युत कार्यपालक अभियंता को पत्र जाएगा। कार्यपालक अभियंता 7 दिन में जवाब देना होगा। जवाब नहीं आने की स्थिति सीजीआरएफ दोनों पक्षों को नोटिस भेजेगा। सुनवाई की तय तारीख और समय उपभोक्ता अपना पक्ष स्वयं रखेंगे। बुजुर्ग होने की स्थिति में बच्चे भी पक्ष रख सकते हैं।

### 20 जगहों पर कार्यालय

20 जगहों पर उपभोक्ता निवारण फोरम बनाया गया है। यहां की जाने वाली शिकायतों के आवेदन अब डिविजन ऑफिस में लिए जाएंगे।

### मधुमक्खी पालन में किसानों को 75 प्रतिशत तक अनुदान:हर लाभार्थी को मिलेंगे 20 से 50 बॉक्स और छत्ते

**नालंदा ,एजेंसी।** राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि शहद उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। नालंदा उद्योग विभाग के सहायक निदेशक राशेक कुमार ने बताया कि मधुमक्खी पालन बेहद ही फायदे वाला रोजगार है। प्रशिक्षण ले चुके किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के किसानों को 75 प्रतिशत और अनुसूचित वर्ग के किसानों को 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

- प्रति यूनिट (बक्सा व छत्ता) लागत 4,000 रुपए निर्धारित।
- जिले में 1500 मधुमक्खी पालन इकाइयों का लक्ष्य।
- प्रत्येक लाभार्थी को 20 से 50 मधुमक्खी बॉक्स और छत्ते दिए जाएंगे।
- योजना का लाभ प्रशिक्षित किसानों को ही मिलेगा

यह योजना किसानों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद साबित होगी। क्षेत्र में आम के बगीचों की अधिकता के कारण मधुमक्खी पालन के लिए अनुकूल वातावरण मौजूद है। साथ ही, यह परागण में सहायक होने के कारण फसल उत्पादन में भी वृद्धि करेगा। आवेदन प्रक्रिया पहले से ही शुरू हो चुकी है। इच्छुक किसान उद्योग विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस योजना से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# युद्ध के जोखिम, मध्य पूर्व में जंग फैलने की आशंका

हमास के लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम 'आयरन डोम' को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं। गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए। ऐसा कोई भी हमला ईरान को नुकसान चाहे जितना पहुंचा दे, पर उसके सभी भूमिगत परमाणु ठिकानों को नष्ट कर देगा, ऐसा नहीं माना जा सकता। दूसरी बात यह कि इस तरह के हमले के बाद वहां प्रतिक्रियावादियों का प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। कोई भी लंबा युद्ध तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ ऐसे कई साइडइफेक्ट्स लाएगा जिससे पूरी दुनिया त्रस्त होगी। एक साल लंबे इस संघर्ष ने खुद इस्राइल को भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। जनहानि को फिलहाल एक तरफ कर दें तो भी जीडीपी ग्रोथ नीचे ही जा रही है।

## एससीओ पर शुभ संकेत

भारत की ओर से जैसे ही यह स्पष्ट किया गया कि शांघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक में शामिल होने के लिए विदेश मंत्री जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे, दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की अटकलें लगाई जाने लगीं। दिलचस्प है कि इस फैसले को भारत-पाक रिश्तों के संदर्भ में ज्यादा देखा जा रहा है, जबकि यह स्ष्टह्र को भारत द्वारा दी जा रही अहमियत का भी उतना ही संकेत है।इसके पीछे दोनों पड़ोसी देशों के खट्टे-मीठे रिश्तों के बीच भी एक-दूसरे से भावनात्मक करीबी की भूमिका देखी जा सकती है। दोनों देशों में युद्ध हुए हैं और रिश्तों ने गिरावट की इंतिहा देखी है तो दोनों के बीच दोस्ती के दौर भी आते रहे हैं। लेकिन किसी भी सूरत में दोनों देशों के लोग एक-दूसरे से उदासीनता की स्थिति में नहीं पहुंचे। यही वजह है कि करीब एक दशक के अंतराल के बाद जब किसी भारतीय विदेश मंत्री के पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम बनता दिखा तो कई कोनों से उत्साह छलकने लगा। मौजूदा सूरते हाल में इस तरह के उत्साह को व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता। शायद इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर ने देर किए बगैर स्पष्ट किया कि वह एक बहुपक्षीय संगठन की बैठक में शिरकत करने जा रहे हैं और वहां भारत-पाक रिश्तों पर कोई बातचीत नहीं करने वाले। याद रखना होगा कि यह स्ष्टह्र की शिखर बैठक है और सामान्य स्थिति में इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की उम्मीद होती। द्विपक्षीय रिश्तों की बदहाली ही कहिए कि पीएम की जगह एक सीनियर मंत्री का जाना भी पॉजिटिव सिग्नल माना जा रहा है। भारत इस तथ्य को समझ रहा है कि मौजूदा वैश्विक हालात में एससीओ जैसे एक अंतरराष्ट्रीय मंच के बेहतरीन इस्तेमाल का मौका किन्हीं दो देशों के आपसी रिश्तों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। यह एशियाई देशों का ऐसा मंच है, जो सुरक्षा से जुड़े मुद्दे देखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के चलते हाल के वर्षों में अमेरिका से रूस और चीन के रिश्तों में आई खटास किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में जब पश्चिम एशिया में युद्ध के फैलने का खतरा एक नया सिरदर्द बना हुआ है, इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी अहम भूमिका को भारत अनदेखा नहीं कर सकता।

# इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू को भारत की शरण में क्यों आना पड़ा?

**(नीरज कुमार दुबे)**

भारत के साथ संबंधों के प्रति मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का बदला हुआ दृष्टिकोण कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि मालदीव की राजनीति में अक्सर देखने को मिलता है कि चुनाव अभियानों के दौरान राजनेता जो बयानबाजी करते हैं, वह आधिकारिक नीतिगत निर्णयों में तब्दील नहीं होती। मुइज्जू को राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत की अहमियत समझ आ चुकी है। कर्ज में डूबे अपने देश को उबारने के लिए मुइज्जू को भारत की मदद की सख्त जरूरत है इसलिए चुनावों में इंडिया आउट का नारा देने वाले मुइज्जू भारत की शरण में आये हैं। चीन की यात्रा के दौरान ढेरों आश्वासन मिलने के बावजूद मुइज्जू अपने देश के लिए कुछ ठोस हासिल नहीं कर पाये इसलिए भारत से मदद मांगने आये थे। हम आपको बता दें कि मालदीव पर बड़ा आर्थिक संकट मंडरा रहा है इसलिए वह चाहता है कि भारत ऋष्ण भुगतान को थोड़ा आसान बना दे। अपनी भारत यात्रा से ठीक पहले मुइज्जू ने अपने देश को वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा था कि दिल्ली द्वीप राष्ट्र की वित्तीय स्थिति से 'पूरी तरह परिचित' है और माले के सबसे बड़े विकास भागीदारों में से एक के रूप में 'बोझ को कम करने' के लिए हमेशा तैयार रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारत और मालदीव ने 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर जो समझौता किया है उससे मालदीव को विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़े मुद्दों से निपटने में मदद मिलेगी। हम आपको यह भी बता दें कि अभी पिछले महीने ही वैश्विक एजेंसी मूडीज़ ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग यह कहते हुए घटा दी थी कि 'डिफ़ॉल्ट जोखिम बढ़ गए हैं'। दरअसल मालदीव को ऋष्ण भुगतान में चूक का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 440 मिलियन डॉलर हो गया है, जिससे कि सिर्फ डेढ़ महीने तक ही वस्तुओं का आयात किया जा सकता है। गौरतलब है कि यह द्विपीय राष्ट्र खाने पीने से लेकर अपनी तमाम जरूरतों के लिए विदेशों से सामान आयात करता है। विदेशों से सामान आयात करने के लिए उसे डॉलर की जरूरत है। विदेशी कर्ज चुकाने के लिए भी उसे डॉलर की जरूरत है। इसलिए मालदीव के सामने मुश्किल यह है कि वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार में पड़े डॉलरों से कर्ज चुकाये या अपनी जनता के लिए जरूरत का सामान मंगवाये। इसके अलावा मालदीव को अपने यहां बुनियादी ढांचे में निवेश की भी जरूरत है ताकि जनता के जीवन स्तर को बढ़ाया जा सके। इसके लिए भी भारत पहले ही मालदीव को विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए 1.4 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता की पेशकश कर चुका है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि इस साल जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में आये तनाव के मद्देनजर भारतीयों ने मालदीव में पर्यटन का बहिष्कार कर दिया था जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान पहुँचा है। मुइज्जू को अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आश्वासन मिला था कि वह बड़ी संख्या में चीनियों को मालदीव में पर्यटन के लिए भेजेंगे लेकिन चीन से कोई नहीं आया। बताया जाता है कि मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 की गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप देश को लगभग 150 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। इसलिए मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने भारत दौरे के दौरान कहा है कि वह मालदीव में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि मुइज्जू ने परोक्ष रूप से भारत पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि इस छोटे से देश को 'धमकाने का लाइसेंस' किसी के पास नहीं है। उन्होंने भारत के लिए अपने सैन्य कर्मियों को देश से वापस बुलाने के लिए 15 मार्च की समय सीमा भी तय की थी। मगर अब मुइज्जू भारत को साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने कहा है कि मालदीव कभी भी ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे भारत की सुरक्षा कमजोर हो। उन्होंने कहा है कि भारत मालदीव का एक मूल्यवान भागीदार और मित्र है और हमारा संबंध आपसी सम्मान और साझा हितों पर बना है। उन्होंने कहा है कि हम विभिन्न क्षेत्रों में अन्य देशों के साथ अपना सहयोग बढ़ाते हैं, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे कार्यों से हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता से समझौता नहीं हो। जहां तक मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान मालदीव को हुए लाभ की बात है तो आपको बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर अपने देश में रूपे कार्ड को डिजिटल रूप से जारी किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जतायी। चार दिवसीय राजकीय दौरे पर आए मुइज्जू ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान भारत ने मालदीव को 700 से अधिक सामाजिक आवास भी सौंपे। इसका निर्माण एक्जिम बैंक (भारतीय निर्यात-आयात बैंक) की खरीदार कर्ज सुविधा के तहत किया गया है। मोदी ने मुइज्जू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी ऐलान किया कि अब ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हम थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता करेंगे। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि भारत और मालदीव ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने मालदीव को एक 'घनिष्ठ मित्र' बताया जिसका भारत की पड़ोस नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और वृद्धि) दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण स्थान है। मोदी ने कहा, ''भारत ने हमेशा एक पड़ोसी देश की जिम्मेदारियों को निभाया है। आज, हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है।'' उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। और भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। वहीं मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के बयान की बात करें तो उन्होंने कहा है कि सरकारी बॉण्ड को आगे बढ़ाने तथा मुद्रा की अदला-बदली के समझौते पर हस्ताक्षर समेत उदारतापूर्वक की गयी सहायता के लिए मैं भारत का आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि मालदीव में भारतीय निवेश बढ़ाने के लिए भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए मैं उत्साहित हूं।

> *राष्ट्रपति मुइज्जू ने साथ ही कहा कि मालदीव के लिए भारत सबसे बड़ा पर्यटन का स्रोत है, और हमें अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद है। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत और मालदीव के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत द्विपक्षीय संबंध रहे हैं और भारत इस द्वीप राष्ट्र का एक प्रमुख सहायता प्रदाता है।*

# 'बिना रुके, बिना थके', 'सीएम मोदी' से 'पीएम मोदी' तक 23 साल पूरे

**(अजय चौरासे)**

23 वर्षों में राजनीतिक यात्रा में पीएम मोदी ने एक अलग मुकाम हासिल किया। देश ही नहीं विदेश में भी इस समय मोदी का परचम लहरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को मोदी ने न्यायोचित स्थान पर विराजित कर देश की शान बढ़ाई है। इससे पहले कई दिग्गज देश को भारत को इतना सम्मान और तबज्जो नहीं देते थे। इस युद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया में पीएम मोदी की तरफ सभी देश को आस है कि पीएम मोदी जगं को रुकवा सकते हैं। ज्ञातव्य है कि सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 23 वर्ष सोमवार को पूरे हो गए थे। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले मोदी के सीएम से तीसरी बार पीएम बनने तक के सफर को गृह मंत्री अमित शाह ने भावनात्मक रूप से स्मरण करते हुए कहा है कि यह 23 वर्षीय जीवन यात्रा सामाजिक जीवन जीने वालों के लिए जीवंत प्रेरणा है। वहीं, पीएम मोदी के अन्य शुभचिंतकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के निर्णयों-योजनाओं का उल्लेख करते हुए यह संदेश देने का भी प्रयास किया है कि कैसे पीएम मोदी अपने सफल गुजरात मॉडल को ही राष्ट्र के विकास का आधार बनाने में जुटे हैं। गृह मंत्री शाह ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 23 वर्ष पूरे हुए हैं। एक व्यक्ति अपना पूरा जीवन राष्ट्रहित और जनसेवा को कैसे समर्पित कर सकता है, यह 23 वर्ष की साधना उस अद्वितीय समर्पण की प्रतीक है। उन्होंने लिखा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मैं मोदी जी की इस यात्रा का साक्षी रहा हूं। मोदी जी ने यह दिखाया है कि कैसे गरीब कल्याण, विकास, देश की सुरक्षा व वैश्विक पहचान को मजबूती देने के कार्य समानांतर किए जा सकते हैं। उन्होंने समस्याओं को टुकड़ों में देखने की जगह समग्र समाधान का विजन देश के सामने रखा। बिना रुके, बिना थके, बिना अपनी परवाह किए देश और देशवासियों के लिए समर्पित ऐसे राष्ट्रसाधाक मोदी जी को सेवा और समर्पण के 23 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देता हूं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने भी पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र के उत्थान और समाज के कल्याण को समर्पित 23 वर्षों की लंबी साधना देश के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायी है। इसी तरह प्रधानमंत्री के शुभचिंतकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर विभिन्न क्षेत्र-वर्गों के लिए नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्रयासों-योजनाओं की तुलना वर्तमान योजनाओं से करते हुए बताया कि कैसे वर्तमान नीतियों में गुजरात मॉडल की झलक दिखाई देती है। योजनाओं में गुजरात मॉडल की झलक 23 वर्ष पूर्ण होने पर ऐसे 23 महत्वपूर्ण निर्णयों का विशेषत- उल्लेख किया गया है। उदाहरण के तौर पर, निर्मल गुजरात से स्वच्छ भारत मिशन, जल मंदिर से अमृत सरोवर अभियान, आधारभूत संरचना विकास के मामले में भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भूसूचना विज्ञान संस्थान गुजरात सरकार द्वारा मानचित्र-आधारित भू-स्थानिक सूचना प्रणाली को पीएम गति शक्ति कार्यक्रम। ज्योतिग्राम योजना को दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, कन्या केलावणी योजना को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, चिरंजीवी योजना को पीएम मातृ वंदन योजना, वाइब्रेंट गुजरात को मेक इन इंडिया, साबरमती सफाई को नमामि गंगे, खेल महाकुंभ को खेलो इंडिया और गुजरात स्किल डेवलपमेंट मिशन को स्किल इंडिया मिशन के रूप में शुरू किया गया है। तो राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने इस काल को रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफॉर्म का काल बताया और वोकल फॉर लोकल, डिजिटल इंडियास से लेकर तमिल संगमम जैसी कई योजनाएं गिनाईं। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि इन 23 वर्षों में मिली सीख ने उन्हें अग्रणी पहल करने में सक्षम बनाया, जिसने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डाला है। एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, एक सरकार के मुखिया के रूप में मेरे 23 साल पूरे होने पर अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं भेजने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5518

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5517

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5518

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. आधुनिक ओलिम्पिक खेलों का आयोजन करने वाला प्रथम देश जिसे ग्रीस भी कहते है (3)
4. ये जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) के पिता थे (4)
8. निरा, निपटने की अवस्था (3)
9. गमनागमन, आना-जाना (4)
10. बेटी का बेटा (2)
12. दी जाने वाली वस्तु (2)
13. झुका या प्रणाम करता हुआ, विनीत (2)
15. जगत का स्वामी, परमेश्वर, ईश्वर (4)
17. विवाह के लिए स्थितर किया गया शुभ दिन, सहालग, साइत (3)
20. रोब, धाक, आतंक (4)
21. किसी देश या राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
23. सहोदर, जो एक ही कुल से उत्पन्न हो (2)
24. वह स्त्री जो ऐश्वर्ययुक्त हो, सुख (2)
26. हुकुमत, प्रभुत्वकाल (2)
27. लहू, रूधिर, खून (2)
28. अकुशलता, अनाड़ीपन (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कर्म संघ या श्रमिक संघ को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
2. इकाई रूप में निश्चत परिणाम (2)
3. कही हुई बात से मुकरना, अभिनय करना (3)
4. मोहकारिणी शक्ति, भ्रमवश होने वाला प्रेम (2)
5. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
6. अमुक व्यक्ति को दिए गए धन से संबंधित पत्र (4)
7. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
11. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (5)
14. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
16. छोटा दीया, प्रकाश करने वाली (3)
18. बीमारी, रोग (2)
19. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
20. दो अंको की सबसे छोटी संख्या (2)
22. दमकता या प्रकाश फैलाने वाला (3)
25. कंधा, जुलाहे की कूंची (उर्दू) (2)

### वर्ग पहेली 5517 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | तु | र | मु | र्ग | | हे | ग |
| क्र | म | | का | | ज | ल | ज |
| लो | | का | बि | ल | | न | ट |
| क | ल | क | ल | | म | | |
| | क | पि | | स | हा | य | ता |
| प | ल | ट | ना | | र | | |
| व | क | | ह | क | त | ल | फ |
| न | | न | क | ल | | ता | ल |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। किसी काम के बिगड़ने से होने पर आपको खीज या प्रतिक्रिया से बचें और खुद को हर प्रकार के विवाद से दूर रखें। कोई शुभ ग्रह आपको प्रेरित कर रहा है। शाम तक आपको लाभ होगा और कारोबार में अच्छी कमाई होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### वृष
आज दिन शुभ है, करियर में लाभ और भाग्य में वृद्धि से खुशी मिलेगी। दोपहर तक कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। सेहत का ध्यान रखें और सोच समझकर कर पैसों से जुड़ा कोई काम करें। शाम को घर में मेहमानों के आने से खुशी होगी। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने से मन प्रसन्न रहेगा। आपका सम्मान बढ़ेगा।

### कर्क
आज किसी प्रकार के परिवर्तन वाला होगा। कोई बदलाव आने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी। आपको अपने सम्मान के बारे में सोचने की जरूरत है। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको परेशानी हो। आपके जीवन में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। घबराएं नहीं और अपने काम पर फोकस करें।

### सिंह
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कई मुद्दे हल कर पाने में आप सफल होंगे। रात का समय मित्रों और परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। आपके घर में कोई आपसे पैसों की मांग कर सकता है। आपको उसकी मदद करनी पड़ेगी। आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। कीमती वक्त बरबाद कर लेते हैं। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कामकाज की स्थिति अनुकूल हो रही है और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज दिन शुभ है और आज आपको काफी समय के बाद आज कुछ अच्छी खबर आपको मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आगे का समय अच्छा कटने का उत्साह रहेगा। आपके लिए एक अच्छा सौभाग्य यह होगा।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की होगी। अपने काम के लिए दूसरों के भरोसे न बैठे रहें। कभी कभी बिना मदद के भी अपने काम पूरे करने चाहिए। जरूरी काम को पूरा कर लेंगे और आपके करियर में नई योजनाओं पर अमल हो सकता है। तनाव से दूर रहें और किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचें।

### वृश्चिक
आज दिन आर्थिक रूप से लाभदायक रहेगा। बिज़नस में बनाई गई योजनाएं सफल होंगी। दिन भर धन लाभ के अवसर मिलते रहेंगे। नई योजनाओं पर काम करें। परिवार के साथ सुख और शान्ति का आनंद लें। अगर आप नौकरी या बिज़नस में कुछ नयापन लाते हैं तो आपको आगे चलकर फायदा होगा। आपके काम में नई जान आ जाएगी और मेहनत से आपको लाभ होगा।

### मकर
आज दिन काफी उलझनों से भरा होगा। कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दीबाजी रहेगी। दूसरी ओर आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रैशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर आपकी अपनी सूझबूझ बहुत काम आएगी। कोई भी फैसला काफी सोचकर करें। कि कहीं से आपका रुका हुआ धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आप कुछ नए निवेश करने के फैसले ले सकते हैं और उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके धन में मनचाही वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। फालतू खर्च से बचें और आगे के बारे में जरूर सोचें। आपको धन की बचत करने में समझदारी से काम लेना होगा।

### धनु
आज दिन बहुत ही शानदार रहेगा और भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपकी क्रिएटिविटी भी काफी बढ़ेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी मेहनत जिस काम में लग जाएगी उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा और वह काम अच्छे से पूरा हो जाएगा। अधूरे काम भी पूरे हो जाएंगे। ऑफिस में माहौल आपके फेवर में रहेगा। आपके साथी आपकी मदद करेंगे।

### मीन
आज दिन शानदार होगा और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपको ऑफिस में सहयोगियों से पूरा सम्मान मिलेगा और आपके काम को पूरा करने में वे आपकी मदद भी करेंगे। ढेर सारी गलतियों को भी आप माफ करने को तैयार हो जाएंगे। धन में वृद्धि होगी और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। शाम तक कमाई अच्छी हो जाएगी और आपको खुशी होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**



# पॉपकॉर्न से ज्यादा हेल्दी होता है जवार धानी

पॉपकॉर्न आखिर किसे पसंद नहीं होते? मूवी डेट हो या घर पर पार्टी इसका सेवन जरूर किया जाता है। मार्केट में मिलने वाले पॉपकॉर्न में प्रिजर्वेटिव्स ज्यादा होते हैं। ऐसे में इसके सेवन से आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसकी जगह आप जवार धानी का सेवन कर सकते हैं। यह एक प्रकार का साबुत अनाज है, जो पॉपकॉर्न की तरह दिखता है। यह पॉपकॉर्न से ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इसमें पोषक तत्व ज्यादा होते हैं। साथ ही, यह कई स्वास्थ्य समस्याओं में फायदा करता है।

### ग्लूटन फ्री स्नैक्स

अगर आपको ग्लूटन वाली चीजों से एलर्जी है, तो आप इसका सेवन कर सकते हैं। यह एक अच्छा ग्लूटन फ्री स्नैक्स है, जिसके सेवन से आपका पाचन भी स्वस्थ रहेगा।

### वेट लॉस में मदद करे

जवार धानी में फाइबर अधिक मात्रा में होता है। इसके सेवन से आपको काफी देर तक भूख नहीं लगती है। इस कारण आप अगले मील में कम कैलोरी इंटेक करेंगे। साथ ही, आपको जल्द वजन घटाने में मदद मिलती है।

### कई बीमारियों में फायदेमंद

अगर आपको डायबीटीज, हाइपरटेंशन या स्ट्रोक की समस्या है, तो यह आपके लिए अच्छा विकल्प है। इसमेंफाइबर की अधिक मात्रा होती है, जो आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### गट को हेल्दी बनाए रखे

खराब खानपान के कारण गट हेल्थ को नुकसान होता है। इससे पाचन क्रिया भी धीमी होती है, साथ ही गट इंफेक्शन का खतरा भी रहता है। ऐसे में जवार धानी बेहतरीन विकल्प है। यह जल्दी पच जाता है, साथ ही गट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

### मैग्नीशियम से भरपूर

जवार धानी में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाता है और जोड़ों के दर्द से राहत देता है। महिलाओं में होने वाली मेनोपॉज की स्थिति में भी यह फायदेमंद है।

### माइक्रोन्यूट्रिएंट से भरपूर

जवार धानी में माइक्रोन्यूट्रिएंट भी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिंक, फास्फोरस, पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए गए हैं। यह शरीर में नए सेल्स और टिशूज बनाने में मदद करते हैं।

### जवार धानी का सेवन करने का सही तरीका

- जवार धानी को आप घर पर पॉपकॉर्न बनाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह स्वाद में भी काफी बेहतर होता है।
- जवार धानी को खिचड़ी या दलिया बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह आपके लिए परफेक्ट ब्रेकफास्ट या डिनर ऑप्शन हो सकता है।
- जवार धानी से आप उपमा या सूप भी बना सकते हैं. रात में लाइट डिनर के लिए यह सही ऑप्शन है।
- अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए दवा लेते हैं, तो इसका सेवन एक्सपर्ट की सलाह पर ही करें।



# मम्मी ब्रेन क्या होता है? कारण और लक्षण

**प्रेग्नेंसी में कई महिलाओं में भावनात्मक बदलाव आते हैं। कुछ महिलाओं को मम्मी ब्रेन की समस्या हो जाती है।**

मां बनना एक महिला के लिए दुनिया का सबसे खूबसूरत एहसास होता है। मदरहुड जर्नी बेहद खूबसूरत होती है। हालांकि इस दौरान महिलाओं को कई तरह की मुश्किलें भी आती है। प्रेग्नेंसी से लेकर प्रसव के बाद तक महिलाओं की फिजिकल हेल्थ के साथ ही उनकी मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ता है। कई सारे भावनात्मक बदलाव आते हैं। कई महिलाएं तो प्रेगनेंसी ब्रेन या मम्मी ब्रेन की शिकार हो जाती हैं। आइए विस्तार से जानते हैं मम्मी ब्रेन के बारे में।

### क्या होता है मम्मी ब्रेन?

प्रेग्नेंसी के दौरान और मां बनने के बाद कई सारे भावनात्मक बदलाव आते हैं। इस दौरान कई महिलाओं को भूलने की बीमारी हो जाती है। मां बनना शारीरिक, इम्यून फंक्शन और व्यवहार में नाटकीय बदलावों से जुड़ा होता है जो गर्भावस्था के दौरान शुरू होते हैं और प्रसव के बाद भी जारी रहते हैं। महिलाएं छोटी-छोटी बातें भूलने लगती हैं जैसे वह किचन में क्या काम करने के लिए गई थी उन्होंने अपना सेल फोन कहां रख दिया , वह किसे फोन लगाने वाली थीं, वगैरा-वगैरा... इस सिचुएशन को ही मम्मी ब्रेन के नाम से जाना जाता है। यह समस्या कुछ समय के लिए होती है और धीरे-धीरे आगे चलकर अपने आप ही ठीक हो जाती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक ऐसा गर्भावस्था के पहले तीन से चार महीने में होता है और यह गर्भावस्था के बाद तक बना रहता है।

### मम्मी ब्रेन के लक्षण

- फोकस में कमी
- छोटी-छोटी चीजों को भूल जाना
- नींद पूरी न होना
- काम में मन न लगना
- तनाव और चिंता में होना
- हर समय थकान लगना

### मम्मी ब्रेन से कैसे निपटें

- तनाव से दूर रहने के लिए मेडिटेशन करें।
- खुद के लिए थोड़ा वक्त निकालें।
- पर्याप्त नींद लें।
- बच्चों को संभालने में परेशानी हो रही है तो दूसरों की मदद लें।
- पौष्टिक आहार खाएं।
- घूमने फिरने जाएं।
- आपको जो एक्टिविटी पसंद है वही करें।
- तनाव होने पर अपनों से बात करें।





# एरोबिक व्यायाम के साथ अपने दिल को स्वस्थ रखें

एरोबिक व्यायाम न केवल मजबूत हड्डियों के निर्माण, मांसपेशियों की ताकत, धीरज और लचीलेपन में सुधार करने के लिए फायदेमंद होते हैं, बल्कि हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक, मधुमेह और कुछ कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए भी फायदेमंद होते हैं। शोध से पता चलता है कि यह केवल छह महीनों में आपकी सोच और याददाश्त में सुधार कर सकता है। ऑर्थोपेडिक स्पोर्ट्स सर्जन वोंडा राइट, एमडी, एफएओओएस कहते हैं ' ' चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना, तैराकी और क्रॉस कंट्री कुछ लोकप्रिय एरोबिक गतिविधियां हैं। अपने एरोबिक व्यायाम से अधिक लाभ उठाने के लिए, लचीलापन और ताकत प्रशिक्षण अभ्यास को अपनी फिटनेस दिनचर्या में शामिल किया जाना चाहिए।' '

' ' अपने कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को मजबूत करने के लिए, हर बार जब आप व्यायाम करते हैं तो अपनी लक्षित हृदय गति पर अपनी हृदय गति को 20 से 60 मिनट तक बढ़ाना महत्वपूर्ण है। अपने लक्षित हृदय गति पर व्यायाम करना सुनिश्चित करता है कि आपका शरीर लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा का प्रयोग कर रहा है। यह सटीक रूप से ट्रैक करने के लिए कि आपका शरीर कितनी मेहनत कर रहा है, अपनी लक्षित हृदय गति की गणना करें और प्रति मिनट धड़कन को ट्रैक करें। आपके लक्षित हृदय गति को निर्धारित करने के लिए एक सामान्य गणना आपकी आयु से 220 मिनियुस है।' 'डॉ राइट कहते हैं कि व्यायाम का एफआईटीटी सिद्धांत एरोबिक गतिविधि के लिए पालन करने के लिए एक प्रभावी दिशानिर्देश है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन एरोबिक गतिविधि में भाग लेने के दौरान चोट को खत्म करने के लिए इन सुरक्षा युक्तियों का सुझाव देते हैं। अपने डॉक्टर ने सलाह दी कि यदि आपकी मौजूद स्थिति, अधिक वजन वाले हैं, धूम्रपान करने वाले हैं या कुछ समय से सक्रिय नहीं हैं, तो एक नया व्यायाम दिनचर्या शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श करें। वहीं हाइड्रेट और निर्जलीकरण के हल्के स्तर भी एथलेटिक प्रदर्शन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपके पास पर्याप्त तरल पदार्थ नहीं हैं, तो आपका शरीर पसीने और वाष्पीकरण के माध्यम से खुद को प्रभावी ढंग से ठंडा नहीं कर पाएगा।



# रोज सुबह खाली पेट पिएं यह आयुर्वेदिक चाय, पेट दर्द और गैस समेत 10 बीमारियां होंगी दूर

अगर आप पेट की गैस, ब्लोटिंग, अपच, एक्ने या फिर पीरियड्स के दर्द से परेशान हैं, तो यह चाय खास आपके लिए है। घर के मसालों से बनी यह आयुर्वेदिक चाय कई बीमारियों को दूर करती है। आज के समय में सेहतमंद रहना थोड़ा मुश्किल हो गया है। खान-पान की गलत आदतों, अनियमित जीवनशैली, बढ़ते तनाव और भी कई वजहों से लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। हेल्दी रहने के लिए शरीर में कई विटामिन्स, मिनरल्स और अन्य न्यूट्रिएंट्स का सही लेवल में होना जरूरी है। इसके अलावा, शरीर में हार्मोन्स भी सही लेवल में होने चाहिए। कई बीमारियों से बचाव के देसी नुस्खे हमारे घरों में ही मौजूद हैं। अगर आप पेट की गैस, ब्लोटिंग, अपच, एक्ने या फिर पीरियड्स के दर्द से परेशान हैं, तो यह चाय खास आपके लिए है। इसके अलावा भी इस चाय के कई फायदे हैं।

### जीरा, सौंफ और धनिये के बीजों की चाय के फायदे

- इससे ब्लोटिंग, इनडाइजेशन, जी मिचलाना, सिरदर्द और पीरियड्स में होने वाला दर्द कम होता है।
- अगर आपको खाना खाने के बाद पेट फूला हुआ महसूस होता है या फिर गैस बनती है, तो यह आपके लिए फायदेमंद है।
- शरीर में वात-पित्त-कफ का बैलेंस बनाकर यह चाय गट हेल्थ को भी सुधारती है।
- इस चाय में इस्तेमाल की जाने वाली तीनों चीजें वात को हरती हैं, यानी गैस को दूर करती हैं और पाचक रस को उत्तेजित करती हैं, डाइजेस्टिव फायर को जलाए रखने में मदद करती है, जिससे हम जो भी खाते है, वह सही से पच पाता है।
- इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स भी दूर होते हैं और खाने से न्यूट्रिएंट्स सही तरह से हमारे शरीर में पहुंचते हैं।
- कई बार गैस के कारण खाना खाने के बाद उल्टी आती है, ऐसे में यह चाय आपकी मदद कर सकती है।
- लिवर और किडनी को डिटॉक्स करती है।
- शरीर में इंफ्लेमेशन को कम करती है और फैटी लिवर के पेशेंट्स के लिए अच्छी होती है।
- इससे गट हेल्दी रहता है और स्ट्रेस भी दूर होता है।
- ब्लड ग्लूकोज को बैलेंस करती है।
- भूख को बढ़ाती है।

### कैसे बनाएं?

**सामग्री**

- जीरा- 1 टेबलस्पून
- धनिये के बीज- 1 टीस्पून
- सौंफ के बीज- 1 टेबलस्पून
- पानी- लगभग 2 गिलास


### विधि

- सभी चीजों को पानी में डालें।
- इसे लगभग 7-10 मिनट तक उबालें।
- अब इसे छान लें।
- आपकी हेल्दी आयुर्वेदिक चाय तैयार है।

### कब पिएं?

- इस चाय को खाली पेट पीना सबसे अच्छा माना जाता है।
- आप इसे खाना खाने के 1 घंटे बाद भी पी सकती हैं।

**नोट-** प्रेग्नेंसी के दौरान यह चाय नहीं पीना चाहिए क्योंकि सौंफ गर्भवती महिलाओं को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा, अगर आपको कोई हेल्थ से जुड़ी समस्या है, तो इस चाय को शुरू करने से पहले एक बार डॉक्टरी सलाह जरूर लें।



**हार्ट अटैक के खतरों को कम करने और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से सुरक्षित रहने के लिए जरूरी है कि आप अपने हृदय की जरूरतों के प्रति जागरूक रहें। इस बात की जरूरत सबसे अधिक उन लोगों को होती है जो सिटिंग जॉब में होते हैं।**

# अपने हृदय की जरूरतों के प्रति जागरूक रहें

हृदय रोग से बचाव जैसे, हार्ट स्ट्रोक और हार्ट अटैक के खतरों को कम करने और कार्डियोवस्कुलर डिजीज से सुरक्षित रहने के लिए जरूरी है कि आप अपने हृदय की जरूरतों के प्रति जागरूक रहें। इस बात की जरूरत सबसे अधिक उन लोगों को होती है जो सिटिंग जॉब में होते हैं। क्योंकि लगातार कई घंटे एक ही जगह पर बैठे रहने से दिल की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ता है.

- आपको यह बात हैरान कर सकती है कि एक समय 55 प्लस की उम्र में होनेवाली कार्डियोवस्कुलर डिजीज आजकर 25 साल के युवाओं को भी अपनी चपेट में लेने लगी हैं। इतना ही नहीं हमारे देश में हार्ट अटैक के कुल मामलों में आधी संख्या उन लोगों की है, जिनकी उम्र 50 से कम है।
- इस आधी संख्या में भी 25 प्रतिशत लोग वो हैं जिनकी उम्र 40 साल से भी कम है। इन आंकड़ों से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि दिल की बीमारियां कितनी तेजी से हमारे समाज को बीमार बना रही हैं। खासतौर पर हमारे युवाओं को।
- अपने दैनिक जीवन में कुछ चुनिंदा बातों का ध्यान रखकर कई घंटों तक एक ही स्थान पर बैठकर काम करनेवाले लोग हार्ट को हेल्दी रख सकते हैं। इसके लिए आपको जो चीजें जानने की जरूरत है, उनके बारे में यहां बताया जा रहा है.

### सीट पर बैठे हुए ही करें स्ट्रेचिंग

- घंटों की सिटिंग जॉब और लॉकडाउन के कारण डेली रूटीन में फिजिकल ऐक्टिविटीज करना संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आप उन सूक्ष्म व्यायाम के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाएं, जिन्हें आप काम के दौरान ही 2 से 3 मिनट का समय निकालकर बीच-बीच में कर सकें।
- ये सूक्ष्म व्यायाम आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन का सही स्तर बनाए रखने में सहायता करते हैं। इससे आपके हृदय की पंपिंग प्रक्रिया बाधित नहीं होती है और पूरे शरीर में रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से बना रहता है।

### भोजन में जरूरी हैं कुछ बदलाव

- सीटिंग जॉब वालों को अपनी डायट में कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे, कम मसालों का सेवन करें.
- यानी आपका भोजन बहुत अधिक स्पाइसी नहीं होना चाहिए।
- भोजन में डीप फ्राइड चीजों का उपयोग कम करें इनके स्थान पर फ्रूट सलाद, सब्जियों की सलाद, ड्राई फ्रूट्स और उबली हुई सब्जियों को शामिल करें।
- डिब्बाबंद फूड और पैक्ड रेडी टु ईट फूड्स से जितना हो सके दूर रहें। क्योंकि इनमें प्रिजर्वेटिव्स की भारी मात्रा होती है, साथ ही फैट भी अधिक होता है।

### पर्याप्त नींद लें

- नींद लेना हमारी आंखों की सेहत के लिए ही नहीं बल्कि हमारे ब्रेन, हार्ट और पूरे शरीर की सेहत के लिए जरूरी है। क्योंकि जब हम सो रहे होते हैं तो हमारा शरीर डैमेज हुई सेल्स की रिपेयरिंग कर रहा होता है।
- ऐसे में जो लोग 7 से 8 घंटे की पूरी नींद नहीं लेते हैं, उनके शरीर में आंतरिक कमजोरी और बीमारियां पनपने की आशंका अधिक रहती है।

### खुश रहना है जरूरी

- खुश रहने के लिए जरूरी है कि आप तनाव मुक्त रहें। क्योंकि हमारे दिल और दिमाग की ज्यादातर बीमारियों की वजह तनाव होता है। जिन परिस्थितियों को आप अपने अनुसार ढाल नहीं पा रहे हैं, बेहतर होगा कि आप उनके अनुसार खुद ढल जाएं।
- शांति और खुशहाली से जीवन जीने की यह एक कुंजी है। वैसे भी बेहतर है कि हम सभी एक स्वस्थ जिंदगी जी पाएं, जो खुशियों से भरी हो। क्योंकि तनावपूर्ण जिंदगी कितनी भी लंबी क्यों ना हो बोझिल ही होती है और कोई खुशी नहीं देती।

# माता रानी के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, पंडाल के समीप पुलिस प्रबंध दुरुस्त

निज सवांददाता | रजौली (नवादा)



नगर पंचायत का भौगोलिक चारो कोने पर दुर्गा माता एवं काली माता की मूर्ति स्थापित कर धूमधाम से पूजा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं पुरानी बस स्टैंड में काली माता, बजरंगबली चौक, संगत एवं नीचे बाजार में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित किया गया है। वहीं प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया में काली माता एवं अमावां समेत लेंगुरा, चितरकोली आदि जगहों में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित की गई है। कई पूजा स्थलों पर बीते बुधवार की रात्रि को ही शुभ सप्तमी को माता रानी का पट खुल गया था। किंतु हरदिया में वर्षों से आयोजित हो रहे काली माता का पट शुक्रवार को खुलेगा, जिसका इन्तेजार हरदियावासी बेसब्री से करते दिखाई दिए। वहीं माता रानी का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुगण फुटपाथ पर लगी पूजा सामग्रियों की दुकानों से माता रानी के लिए रंग-बिरंगे चुनरी, नारियल,सिंदूर आदि खरीदने में व्यस्त दिखाई दिए। माता रानी के मधुर संगीत से पूरा बाजार क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पूजा आयोजकों द्वारा प्रशासन द्वारा प्राप्त गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है। पूजा पंडालों में डीजे के जगह पर लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित समयानुसार किया जा रहा है। पंडाल के समीप भीड़ के नियंत्रण एवं ट्रैफिक सम्बन्धी समस्याओं से निबटने के लिए वोलेंटियर की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी पूजा पंडालों के समीप माइकिंग की व्यवस्था है, ताकि अपने परिजनों से बिछड़े की सूचना प्रसारित की जा रही है। वहीं मंदिर अथवा पूजा के लिए आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी भी लगाया गया है। पूजा में उमड़े भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पूजा पंडाल एवं चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस बलों द्वारा शहर में लगने वाले वाहनों के जाम को हटाया जा रहा है। साथ ही पुलिस गश्त भी तेज कर दी गई है एवं आपातकालीन सेवा डायल 112 भी अपने कर्तव्यों के प्रति तटस्थ दिखाई दिए।

# अष्टमी के मौके पर आरएसएस ने शस्त्रों की पूजा कर, किया नगर भ्रमण

» वहीं इस मौके पर महंत दयानंद मुनि ने अपने बौद्धिक कार्यक्रम के तहत आरएसएस के स्वयंसेवकों को आज की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दिए।



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के संगत के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा श्री दुर्गा अष्टमी के मौके पर अपने-अपने अस्त्रों-शस्त्रों की पूजा कर नगर भ्रमण किया गया। इस मौके पर खंड प्रमुख दिलीप कुमार ने बताया कि पिछले कई दशकों से आरएसएस का यह कार्यक्रम स्वयंसेवकों के द्वारा किया जा रहा है। वहीं इस मौके पर महंत दयानंद मुनि ने अपने बौद्धिक कार्यक्रम के तहत आरएसएस के स्वयंसेवकों को आज की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत एवं असत्य पर सत्य की जीत होने के पश्चात महिषासुर मर्दिनी के खड़क व अस्त्रों-शस्त्रों की पूजा की जाती है। शस्त्रों की पूजा के पश्चात रजौली संगत से नगर भ्रमण किया गया।नगर भ्रमण के दौरान संघ के लोग बीच बाजार होते राज शिव मंदिर पहुंचे एवं वहां से पुनः रजौली संगत आकर समापन हुआ। इस मौके पर आरएसएस के अनिल हार्डवेयर, रजौली संगत के महंत निशांत दास, दिलीप कुमार दीप, समाजसेवी प्रमोद चंद्रवंशी, बबलू कुमार घड़ी कंपनी, विमल राजवंशी, श्रवण कुमार टिंचू, संजय कुमार, धीरज कुमार सोनी, रुद्र प्रताप, विजय आर्य, फंटूश कुमार, पवन पांडे आदि मौजूद थे।

# पूजा पंडालों के मद्देनजर अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



दुर्गा पूजा के दौरान कई स्थानों पर स्टेशन परिसरों के समीप एवं रेलवे लाईन के आस-पास पूजा पंडाल बनाये गये हैं। इन पूजा पंडालों के पास होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा इन स्थानों पर लोगों की सुरक्षा एवं उन्हें समुचित रूप से निर्देशित करने हेतु अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। रेलवे लोगों से अपील करती है कि दुर्गा पूजा खुशीपूर्वक मनाएं एवं रेलवे के सुरक्षित एवं निर्बाध परिचालन में सहयोग करें। रेलवे लाईन से सुरक्षित दूरी पर रह कर ही पूजा का आनंद लें, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें। रेलवे लाईन पार करने हेतु समपार फाटकों का ही उपयोग करें। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूजा स्थल पर जाकर ग्रामीणों एवं पूजा समितियों से समन्वय स्थापित भी किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं तथा अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की जा रही है। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए स्टेशनों पर ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। असमाजिक तत्वों तथा भीड़ नियंत्रण पर काबू करने हेतु यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। नशाखुरानी की घटनाएं ना हो, इसक लिए ट्रेनों की निगरानी की जा रही है और ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम ''मेरी सहेली'' की तैनाती की जा रही है।

# मड़रा पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

**रोह (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के मड़रा पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार को मारपीट के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार इन पर पूर्व में भी कई संगीन मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय ने बताया कि इशेपुर गांव निवासी उपेंद्र यादव की पत्नी बेवी देवी द्वारा पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार विरुद्ध मारपीट करने तथा अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामला नौ अक्टूबर की बताई जाती है। थाने में दर्ज प्राथमिकी में पैक्स अध्यक्ष के अलावा इनके भाई धनंजय सिंह, ललित विजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार तथा इनके पिता महेंद्र सिंह को भी नमजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार पर थाना के अवर निरीक्षक भुलन प्रसाद यादव द्वारा पुलिस को जान मारने की धमकी देने तथा पुलिस टीम पर फायरिंग कर हथियार छीनने आदि का भी आरोप है।

# उत्पाद विभाग ने विभिन्न तीन ठिकानों पर छापेमारी कर विदेशी शराब व बियर को किया जब्त

» उन्होंने बताया कि मनोकामना मंदिर के समीप बाइक संख्या बीआर02एक्स3311 पर लदे रॉयल स्टेज के 750 एमएल के 14 बोतल, 375 एमएल के 7 बोतल एवं 500 एमएल के 24 केन बियर बरामद किया गया।

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र के मनोकामना मंदिर, फुलवरिया डैम के रास्तों एवं रजौली ओभरब्रिज पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने विदेशी शराब, बियर व शराब परिवहन में उपयोग किये जाने वाले तीन बाइकों को भी जब्त किया गया। इस दौरान कुल पांच शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर रजौली थाना क्षेत्र के विभिन्न तीन जगहों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि मनोकामना मंदिर के समीप बाइक संख्या बीआर02एक्स3311 पर लदे रॉयल स्टेज के 750 एमएल के 14 बोतल, 375 एमएल के 7 बोतल एवं 500 एमएल के 24 केन बियर बरामद किया गया। साथ ही एक युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान धमनी गांव निवासी शंकर प्रसाद के पुत्र राम रतन कुमार के रूप में हुई है। वहीं फुलवरिया डैम के रास्तों से बाइक संख्या बीआर27एल6355 पर सवार दो लोगों को 1.5 लीटर विदेशी शराब व 4 लीटर बियर को जब्त किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान पुरानी हरदिया गांव निवासी विजय कुमार के पुत्र मुकेश कुमार एवं सन्नी कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि रजौली ओभरब्रिज के ऊपर बाइक संख्या बीआर27क्यू6025 पर सवार रहे दो लोगों के पास से 1.5 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों में नरहट थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव निवासी साधु चौहान के पुत्र धर्मेंद्र कुमार एवं चौहान के पुत्र पिन्टू कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब, बियर एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार सभी लोगों को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# बिहार रणजी टीम में चयनित हुए वारिसलीगंज के ऋषि राज

निज संवाददाता | नवादा

खेल सत्र 2024-25 के लिए बिहार रणजी टीम का एलान कर दिया गया है। टीम में वारिसलीगंज के ऋषिराज को भी जगह मिली है। सीनियर टीम के चयनकर्ता ने मंगलवार को बिहार टीम की घोषणा की है। बिहार टीम 11 अक्टूबर को हरियाणा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके पश्चात बिहार का मुकाबला बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश एवं केरल के खिलाफ होगा। ऋषि राज नवादा से रणजी ट्रॉफी खेलने वाले पहले क्रिकेटर होंगे। ऋषि राज जिले के वारसलीगंज के रहने वाले हैं। वे पिछले साल सैयद मुश्ताक अली टी 20 ट्रॉफी में बिहार का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं जिसमें उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। इस वर्ष बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित हेमन ट्रॉफी में भी ऋषिराज ने अपनी तेज गेंदबाजी से विरोधियों को धूल चटाया था। जिला क्रिकेट संघ नवादा के सचिव मनीष आनंद ने बताया कि इस वर्ष ऋषि राज शानदार फार्म में हैं। उनकी फिटनेस काफी अच्छी है। रणजी ट्रॉफी में ऋषि राज का प्रदर्शन अच्छा रहा तो भारतीय टीम में चयन के रास्ते आसान हो जाएंगे। अगर बिहार की टीम रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन करती है तो फिर से एक बार बिहार एलीट ग्रुप में ही रहेगी। बिहार पिछले साल प्लेट ग्रुप की चैंपियन टीम हुई थी। इसके पश्चात एलीट ग्रुप में खेलने का मौका मिला।

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
MRM HEALTH POINT
OPP. BANDHAN BANK MAHARAJGANJ ROAD, AURANGABAD / बतेर नदी के किनारे, अम्बा- नवीनगर मुख्य पथ, अम्बा औरंगाबाद
किसी भी Trauma एवं Surgical Emergency 24 X 7 Hrs. तत्पर आपका एम.आर.एम हेल्थ प्वाईन्ट
प्रसूति एवं बांझपन रोगों का विशेष इलाज की व्यवस्था
इन्डोस्कोपी एवं लेप्रोस्कोपिक की उत्तम व्यवस्था
डॉ. जे. कुमार
एम.बी.बी.एस (पटना)
एमएस (जेनरल सर्जरी) एमसीएलएस
(इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ लैप्रोस्कोपिक सर्जरी)
ए.टी.एल.एस, ए.यू.टी.एल.एस
(एक्स ट्रामा सेन्टर नई दिल्ली)
एमसी मास (एम्स नई दिल्ली)
भूतपूर्व सीनियर रेसिडेंट सर्जन, एम्स नई दिल्ली
डॉ. श्रीमती भावना
एम.बी.बी.एस (पैट)
डी.जी.ओ. (पी.एम.सी.एच., पटना)
एफ मास. फेलोशीप ए., आर.टी.
(वर्ल्ड लैप्रोस्कोपिक सेन्टर, दिल्ली)
एस.सी. मास, एम्स नई दिल्ली
भूतपूर्व सीनियर रेसिडेंट गाइनोकोलॉजिस्ट
मूलचन्द एवं मैक्स हेल्थ केयर, नई दिल्ली
मो. 8677868013, 8677868014
Email: mmhealthpoint@gmail.com

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
पारस प्रसाद
वित्तीय सलाहकार
हेल्थ इंश्योरेंस एक्सपर्ट
बारूण, जिला- औरंगाबाद
मो.- 7004740459

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ई. राजू कुमार
कार्यपालक अभियंता
पुनपुन बराज, प्रमंडल - 1
गोह, जिला- औरंगाबाद

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ई. कुमार आंनद वर्द्धन पुशान
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, अम्बा
जिला- औरंगाबाद (बिहार)

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ई. उमेश मुखिया
कार्यपालक अभियंता
सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल
औरंगाबाद (बिहार)

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
निर्मल सिन्हा
प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय, महथू
प्रखंड - ओबरा, जिला - औरंगाबाद

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज
औरंगाबाद, बिहार
NAAC से मान्यता प्राप्त 'B' ग्रेड (CGPA 2.23)
एचआरडी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मॉडल कॉलेज में अपग्रेड | मगध विश्विद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई
COURSES
UG Courses (B.A. / B.Sc. / B.Com)
Vocational UG Courses (BCA / BBM / B.Sc. Biotech / B.Sc. IT / BLIS / BASP)
Professional Courses (B. Pharmacy / B.Ed.)
PG Courses (M.A. / M.Sc. / M.Com)
Vocational PG Courses (MBA / MCA)
सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, जिसे एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के नाम से जाना जाता है, की स्थापना वर्ष 1943 में एक स्थानीय गणमान्य एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता श्री अखौरी कृष्ण प्रकाश सिन्हा उर्फ त्रिपुरारी बाबू ने अपने मित्रों डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा और डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा के नैतिक समर्थन से की थी। इस कॉलेज का नाम पटना विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने 1944 में छोटे से उप-विभागीय शहर 'औरंगाबाद' में इस कॉलेज को सम्बद्धता प्रदान की थी। उस वक़्त औरंगाबाद समेत आस पास के जिलों में ऐसे किसी कॉलेज का कोई अस्तित्व नहीं था जहां उच्च शिक्षा ग्रहण की जा सके। यह कॉलेज शहर के मुख्य बाजार से 3 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है, इसके विशाल परिसर में हरे-भरे पेड़ों से फैली हरियाली राहगीरों का ध्यान आकर्षित करती है। सिन्हा कॉलेज का क्षेत्रफल 20 एकड़ से अधिक है। यह मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार) के अंतर्गत सबसे पुराना कॉलेज है, जो वर्ष 1974 में इस विश्वविद्यालय की घटक इकाई में परिवर्तित हो गया। यह कॉलेज प्रमुख 16 विषयों में ऑनर्स डिग्री, 14 पीजी डिग्री तथा 10 वोकेशनल डिग्री स्तर तक शिक्षण प्रदान करता है। वर्तमान में इसके प्राचार्य शिक्षाविद डॉ. सुधीर कुमार मिश्र हैं जो सिन्हा कॉलेज को राष्ट्रीय फलक पर शिक्षा का अलख जगाने वाले मंदिर के रूप में स्थापित करने हेतु सतत प्रयत्नशील हैं।
डॉ. सुधीर कुमार मिश्र
(M.Sc. गोल्ड मेडलिस्ट, Ph.D, D.Sc.)
प्राचार्य
सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद
www.ssinhacollege.co.in +91-6186-223133 principal@ssinhacollege.co.in

